दैनिक विश्वमित्र

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •

Get the e-paper from any corner of the world by contacting 9062771550

Please follow us : https://www.facebook.com/dainikvishwamitra/

वर्ष 111 ■ संख्या 319 www.dainikvishwamitra.com कोलकाता सोमवार ■ 23 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक शुक्ल 14, सम्वत् 2083 मूल्य : 5 रुपए, कुल पृष्ठ 8

For Booking of Advertisements
9062771550
Display
Obituary
Notice
Classified
SUBSCRIBE
For yearly subscription of our Daily Newspaper
78906 49950



नवद्वीप में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का ऐलान

गौशाला-गुरुकुल का होगा निर्माण

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को रास पूर्णिमा उत्सव में शामिल होने नवद्वीप पहुंचकर धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के विकास के लिए कई घोषणाएं कीं। सीएम ने अधूरे शोध केंद्र का निर्माण पूरा करने के लिए दो करोड़ रुपये और गोशाला के विस्तार के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही गुरुकुल और संस्कृत टोल स्थापित करने की योजना भी बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवद्वीप में नदी पार करने के लिए स्थायी पुल का निर्माण कराया जाएगा। हालांकि, पुल बनने तक लोगों को लांच सेवा पर निर्भर रहना होगा। इसके लिए पहले से निर्माणाधीन अधूरे घाट को आधुनिक और व्यवस्थित तरीके से तैयार किया जाएगा। घाट पर फेरी सेवा शुरू होने के बाद स्थायी पुल बनने पर भी इसे बंद नहीं किया जाएगा। शुभेंदु ने बताया कि घाट और फेरी सेवा शुरू करने में करीब दो महीने का समय लगेगा। उन्होंने फरवरी के पहले सप्ताह में दोबारा नवद्वीप आने और सेवा का उद्घाटन करने की बात कही।

अधूरे शोध केंद्र का निर्माण करने के लिए 2 करोड़ देने की घोषणा

गुरुकुल और संस्कृत टोल बनाने की भी योजना

शुभेंदु ने बताया कि नवद्वीप में शोध केंद्र का निर्माण भक्तों की मदद से शुरू हुआ था, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण काम अधूरा रह गया। इसे पूरा करने के लिए उन्होंने दो करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। इसके अलावा स्थानीय गोशाला के विस्तार के लिए एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

नेपाली पीएम बालेन शाह भारत पहुंचे

- आज होगी मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता
- राम-सीता की नगरी ट्रेन का होगा उद्घाटन

काठमांडू/नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह नई दिल्ली पहुंच गए हैं। यह उनका पहला द्विपक्षीय दौरा है। पीएम बालेन शाह का कल राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वे राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि भी देंगे। इसके बाद पीएम मोदी और बालेन शाह की द्विपक्षीय बैठक होगी। इसके बाद दोनों नेता भगवान राम के जन्मस्थान अयोध्या और नेपाल में देवी सीता के जन्मस्थान जनकपुरधाम के बीच चलने वाली नई ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। अयोध्या से जनकपुरधाम तक चलने वाली यह ट्रेन 604 किलोमीटर का सफर तय करेगी। ट्रेन के प्रमुख स्टॉपेज में अयोध्या धाम, गोरखपुर, बस्ती, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, मधुबनी और जयनगर शामिल हैं।



नई दिल्ली में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह का स्वागत करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर।

यह ट्रेन हफ्ते में एक दिन चलेगी। जनकपुरधाम से हर शनिवार और अयोध्या कैंट से हर सोमवार को रवाना होगी। इससे भारत में भगवान राम की जन्मभूमि और नेपाल में माता सीता की जन्मभूमि के बीच सीधा रेल संपर्क बनेगा। अब दोनों देशों के श्रद्धालु रामायण से जुड़े इन दो प्रमुख तीर्थस्थलों तक ट्रेन से पहुंच सकेंगे। इसके अलावा बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों के लोगों को भी पढ़ाई, कारोबार और परिवार से मिलने के लिए आने-जाने का एक नया विकल्प मिलेगा।

नेपाल ने दूसरे देशों से सीधी उड़ानें बढ़ाने के लिए दो बड़े अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाए हैं। इनमें भैरहवा का गौतम बुद्ध इंटरनेशनल एयरपोर्ट मई 2022 में शुरू हुआ था। इसके बाद पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जनवरी 2023 में शुरू हुआ। नेपाल को उम्मीद थी कि इन एयरपोर्ट पर दूसरे देशों से सीधे विमान आएंगे। इससे काठमांडू के एयरपोर्ट पर भीड़ कम होगी और भैरहवा-पोखरा में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन एयरपोर्ट बनने के बाद भी यहां अंतरराष्ट्रीय उड़ानें उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ पाईं। इसकी एक बड़ी वजह सीधे हवाई रास्तों की कमी है। दरअसल, पोखरा और भैरहवा नेपाल के पश्चिमी हिस्से में हैं। नेपाल चाहता है कि पश्चिमी देशों और खाड़ी से आने वाले विमान पश्चिम की तरफ से उड़ान भरें और सीधे नेपाल में प्रवेश कर जाएं।

अब सड़क पर दौड़ेगी रेसिंग कार

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। सुपरकार की दुनिया में फेरारी का नाम रफ्तार, दमदार इंजन और ट्रैक को लेकर हमेशा से ही शानदार रहा है। अब कंपनी ने इसी पहचान को नए अंदाज में पेश किया है। फेरारी ने 296 चैलेंज स्ट्रैडेल से पर्दा उठा दिया है, जो रेसिंग कार से प्रेरित होने के बावजूद सड़क पर चलाने के लिए भी वैध है। इसे खास तौर पर उन लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो आम सड़कों के साथ ट्रैक पर भी तेज रफ्तार का अनुभव लेना चाहते हैं। इस नई सुपरकार में फेरारी ने हाइब्रिड सिस्टम को पूरी तरह हटा दिया है। इसकी जगह 3.0-लीटर ट्विन-टर्बो 6 इंजन दिया गया है, जो 670 की पावर और 740 का टॉर्क जनरेट करता है। कंपनी ने इसका वजन 296 के मुकाबले 140 किलोग्राम कम किया है। साथ ही एयरोडायनामिक्स, सस्पेंशन और ब्रेकिंग सिस्टम को भी अपडेट किया गया है। इसके अलावा फेरारी की 296 चैलेंज इवो रेस कार भी चर्चा में है, जो 2027 सीजन में रेसिंग डेब्यू कर सकती है। हालांकि, यह पूरी तरह रेस कार नहीं है। इसे सड़क पर चलाने की मंजूरी के साथ ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया है।

दुनिया भर में चमकेगी दार्जिलिंग चाय की चमक

■ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का दावा, बंगाल में निवेश व उद्योग को मिलेगी नई रफ्तार

सिलीगुड़ी, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल रविवार को दार्जिलिंग के दौरे पर पहुंचे। बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उन्होंने पश्चिम बंगाल की जनता का आभार जताया और कहा कि प्रदेश की जनता विकास चाहती है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल को निरंतर प्रगति के रास्ते पर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में औद्योगिक निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उनके अनुसार, अब केवल देश में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी निवेशकों और लोगों का ध्यान बंगाल की ओर आकर्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में व्यापार और उद्योग का तेजी से विकास हो रहा है तथा आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। अपने दौरे के संदर्भ में पीयूष गोयल ने बताया कि वह चाय बागानों से जुड़े प्रतिनिधियों और हितधारकों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्ववर्ती ममता बनर्जी के कार्यकाल में जो कार्य लंबित पड़े थे, उनमें अब तेजी लाई जाएगी। दार्जिलिंग चाय की विशिष्ट गुणवत्ता और उसकी ऐतिहासिक पहचान को रेखांकित करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में दार्जिलिंग चाय एक बार फिर वैश्विक बाजार में अपनी विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा स्थापित करेगी।



सोने की खरीदारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों को धन्यवाद दिए जाने के विषय पर पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नागरिकों से विदेशी मुद्रा खर्च कर सोना न खरीदने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने इस अपील को गंभीरता से लिया, जिसके परिणामस्वरूप सोने के आयात में कमी आई और कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इसी जन सहयोग के लिए प्रधानमंत्री ने देश की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल रविवार को कर्सियांग में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद सोमवार को वह अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना होंगे।

गुजरात में सड़क हादसों में 10 मौतें

स्विफ्ट में आग से 3 जिंदा जले

कच्छ, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। गुजरात में शनिवार रात और रविवार सुबह दो सड़क हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा कच्छ में हुआ, जहां ट्रक और कार की टक्कर में 7 लोगों की जान चली गई। हादसा इतना भयानक था कि कार दो हिस्सों में बंट गई। दूसरा हादसा केशोद-बालागाम रोड पर हुआ। जूनागढ़ से माधवपुर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई और उसमें आग लग गई। कार में सवार चार में से तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। इम्फ्लुएंसर कृष्णा चूड़ासमा शीशा टूटने के बाद बाहर गिरीं, जिससे जान बच गई। कच्छ में हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे हुआ। ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर हुई। कार में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। इनमें एक बच्चा सिर्फ तीन महीने का था। सभी मृतक उत्तराखंड के गढ़वाल के रहने वाले थे और भुज में तैनात सेना के जवानों के परिवारों से थे। वहीं दूसरी तरफ आज सुबह करीब 5 बजे केशोद-बालागाम रोड पर घामिडाना गांव के पास लाल रंग की स्विफ्ट कार हादसे का शिकार हो गई। कार तेज रफ्तार के कारण मोड़ पर सड़क किनारे पत्थर से टकराकर पलट गई और उसमें आग लग गई। कार में दो महिलाओं और दो पुरुषों समेत चार लोग सवार थे। इनमें से दो पुरुषों और एक महिला की जलने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने पीएम राहत कोष से परिजनों को 2-2 लाख रुपए देने तथा घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद का ऐलान किया।

भीतर के पन्नों पर खास

- पुतला बनाकर बच्चे ने किया पिता की अंत्येष्टि पृष्ठ 3
- 5 लाख 73 हजार किसानों के लिए मुआवजे की घोषणा पृष्ठ 5
- सपना चौधरी बोली, तलाक का केस फाइल किया पृष्ठ 8

अजब गजब

पूजा घर

पूजा घर में सदैव जल का एक कलश भरकर रखें जो जितना संभव हो ईशान कोण के हिस्से में हो।

आरती, दीप, पूजा अग्नि जैसे पवित्रता के प्रतीक साधनों को मुंह से फूंक मारकर नहीं बुझाएं।

मंदिर में धूप, अगरबत्ती व हवन कुंड की सामग्री दक्षिण पूर्व में रखें अर्थात आग्नेय कोण में ।

घर के मुख्य द्वार पर दायीं तरफ स्वास्तिक बनाएं ।

घर में कभी भी जाले न लगने दें, वरना भाग्य और कर्म पर जाले लगने लगते हैं और बाधा आती है।

सप्ताह में एक बार जरुर समुद्री नमक अथवा सेंधा नमक से घर में पोछा लगाएं । इससे नकारात्मक ऊर्जा हटती है ।

कोशिश करें की सुबह के प्रकाश की किरणें आपके पूजा घर में जरुर पहुचें सबसे पहले ।

पूजा घर में अगर कोई प्रतिष्ठित मूर्ती है तो उसकी पूजा हर रोज निश्चित रूप से हो, ऐसी व्यवस्था करे।

कच्चे तेल की महंगाई से भारत को झटका

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत का तेल और गैस आयात बिल अक्टूबर में सालाना आधार पर 60 फीसदी बढ़कर 16 अरब डॉलर (करीब 1.48 लाख करोड़ रुपये) हो गया। इसकी सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल है। अक्टूबर में ब्रेंट क्रूड का औसत भाव 124.77 डॉलर प्रति बैरल रहा, जो एक साल पहले के मुकाबले करीब दोगुना है। पिछले साल अक्टूबर में भारत का शुद्ध तेल और गैस आयात बिल 10 अरब डॉलर था। इस बीच, देश में रसोई गैस यानी एलपीजी की खपत में भी गिरावट आई है। अक्टूबर में एलपीजी की खपत 12.3 फीसदी और चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में 15.1 फीसदी घट गई। यह आंकड़े पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल ने जारी किए हैं। अक्टूबर में भारत ने कच्चे तेल के आयात पर 19.5 अरब डॉलर खर्च किए, जबकि पिछले साल इसी महीने यह खर्च 10.4 अरब डॉलर था। इस दौरान कच्चे तेल का आयात 11 फीसदी बढ़कर 2.33 करोड़ टन हो गया। अक्टूबर में ब्रेंट क्रूड का औसत भाव 124.77 डॉलर प्रति बैरल रहा। सितंबर में यह 116.77 डॉलर था, जबकि अक्टूबर 2025 में औसत भाव 64.75 डॉलर प्रति बैरल था। भारत ने अक्टूबर में 1.3 अरब डॉलर की एलएनजी यानी तरलीकृत प्राकृतिक गैस का आयात किया। वहीं, पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से 6.3 अरब डॉलर की कमाई हुई। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल से अक्टूबर के बीच भारत का शुद्ध तेल और गैस आयात बिल बढ़कर 97.7 अरब डॉलर हो गया।

भारत ने बनाया पाताल लोक, जहां सुरक्षित होगी लाखों टन एलपीजी

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। समुद्र के किनारे जमीन के सैकड़ों फीट नीचे बनी एक विशाल गुफा जहां रसोई में इस्तेमाल होने वाली लाखों टन एलपीजी स्टोर होगी। मंगलुरु में तैयार यह भूमिगत भंडारण गुफा सिर्फ गैस रखने का ठिकाना नहीं, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा कवच है। इस प्रोजेक्ट की खूबियां जानकर आप भी कहेंगे वाकई ये पाताल लोक है। भारत ने कर्नाटक के मंगलुरु में देश की सबसे बड़ी एलपीजी भंडारण गुफा बनाई है। धरती से तकरीबन 160 मीटर नीचे बनी इस गुफा में 80 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस रखी जाएगी। जमीन के नीचे चट्टानों को काटकर बनाई गई इस गुफा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी 13 नवंबर को देश को समर्पित करने वाले हैं। यह धरती के नीचे छिपा भारत का सबसे बड़ा गैस भंडार होगा। इसकी खूबियां जानकर आप भी कहेंगे कि सच में यह तो 'पाताल लोक' से कम नहीं। दरअसल, मंगलुरु के बाला इलाके में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की एक यूनिट है, जहां रखी जाती है। यह गुफा वहीं धरती के नीचे बनाई जा रही है। इससे बनाने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मुताबिक, इसका डिजाइन बेहद खास है। जमीन के नीचे गुफा में गैस रहेगी और ऊपर कुछ भी काम कथिा जा सकेगा। भारत में इससे पहले विशाखापत्तनम में 60 हजार मीट्रिक टन क्षमता वाली स्टोरेज गुफा बनाई गई थी। लेकिन मंगलुरु की गुफा इतनी बड़ी है कि इसमें



80,000 मीट्रिक टन एलपीजी रखी जा सकेगी। एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस को दबाव के जरिए पानी की तरह रखा जाता है। इससे गैस को कम जगह में ज्यादा मात्रा में स्टोर करना संभव होता है। 9.4 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बनाई गई है, जो न्यू मंगलुरु पोर्ट को मुख्य टर्मिनल से जोड़ेगी। मतलब विदेश से जहाज के जरिए आने वाली को पोर्ट से सीधे स्टोरेज टर्मिनल तक इससे भेजा जाएगा। वहां गैस को स्टोर रहेगी और जरूरत पड़ने पर निकाली जा सकेगी। चट्टानों के आसपास पानी का दबाव बनाए रखने और गैस के रिसाव को रोकने के लिए वॉटर कर्टेन सिस्टम लगाया गया है। एलपीजी को गुफा में भेजने और बाहर निकालने के लिए बड़ी-बड़ी पाइप लगाई गई हैं। मुख्य स्टोरेज गुफा का निचला हिस्सा समुद्र तल से करीब 141 मीटर नीचे है। ऑपरेशनल शाफ्ट करीब 156 से 164 मीटर तक जाता है। दो मुख्य स्टोरेज चैंबर करीब 220 और 225 मीटर की गहराई पर बताए गए हैं। जब ईरान-अमेरिका के बीच जंग तेज हुई तो भारत आने वाली एलपीजी मलिनी बंद हो गई। बड़ी मुश्कलि से सरकार ने दूसरे-दूसरे रास्तों और दूसरे-दूसरे देशों से एलपीजी मंगाई। अगर उस वक्त हमारे पास ज्यादा एलपीजी स्टोर होता तो शायद हमें कुछ और दनिों तक दिक्कत नहीं होती। हम अपनी गुफा में रखी एलजीपी का इस्तेमाल कर लेते। इस गुफा में 80 हजार टन एलपीजी जमा होने पर जब भी जरूरत होगी, हम इस्तेमाल कर पाएंगे।

सोनिया जब भी इटली आएंगी, उन्हें चाबी सौंप देंगे, हम सिर्फ सेवादार

पंजाब के सिख परिवार ने संजोई सोनिया गांधी की विरासत

विचेंजा (इटली)/नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। इटली में सोनिया गांधी का पुस्तैनी मकान खरीदने वाले सुखदेव सिंह कांग को उम्मीद है कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता एक न एक दिन जरूर आएंगी और इस घर में कदम रखेंगी। उन्होंने सोनिया गांधी से अपील की है कि वह परिवार सहित इटली आएं और अपने घर में चरण रखें। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जब भी इटली आएंगी, वह उनके घर की चाबी उन्हें सौंप देंगे। असल में, इटली के विचेंजा प्रांत में लुजियाना गांव स्थित कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के पैतृक घर की देखरेख अब सुखदेव सिंह का परिवार कर रहा है।1992 से इटली में रहने वाले सुखदेव सिंह पंजाब के होशियारपुर जिले के जहूरा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें इटली के एक व्यक्ति ने सोनिया गांधी का घर दिखाया था। सुखदेव सिंह ने 2020 में गुरु नानक देव जी के गुरुपर्व के आसपास यह तीन मंजिला घर खरीदा था। उनका परिवार इस ऐतिहासिक घर का कमर्शियल इस्तेमाल करने के बजाय सोनिया गांधी म्यूजियम के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि उनकी बचपन से लेकर अब तक की यादों को सहेजा जा सके।



संयोग से खरीदा सोनिया गांधी का घर : न्यूज एजेंसी से बातचती करते हुए सुखदेव सिंह कांग ने कहा कि इटली के विचेंजा के वेनेता में सोनिया गांधी का घर है जिसे उन्होंने 2020 में कोरोना काल में संयोग से खरीदा था। उन्होंने बताया कि 2020 में लॉकडाउन के बाद इटली में स्थानीय कृषि विभाग के एक अधिकारी के साथ लंच के बाद लौटते समय रास्ते में एक एक्सिडेंट के कारण हमें रास्ता बदलना पड़ा। उसी दौरान अधिकारी ने मुझे सोनिया गांधी का पैतृक घर दिखाया। घर की आभा से प्रभावित होकर मैंने वहां रह रहे रिश्तेदारों से संपर्क किया। संयोगवश, घर के तत्कालीन मालिक भी इसे किसी भारतीय या सिख परिवार को ही सौंपना चाहते थे, जो इसकी गरिमा और सोनिया माइनो (सोनिया गांधी) की यादों को जीवित रख सके। सुखदेव सिंह कांग ने मीडिया के माध्यम से सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से अपील की है कि वे एक बार अपने इस पैतृक घर में जरूर आएं। यह घर कल भी उन्हीं (सोनिया गांधी) का था और आज भी उन्हीं का है। हम तो केवल सेवादार हैं। पंजाब के रहने वाले सुखदेव सिंह ने कहा, वे जब भी आएंगे, हम इस घर की चाबियां उन्हें सौंप देंगे। उम्मीद जताई कि गांधी परिवार इस म्यूजियम के लिए सोनिया गांधी के जीवन से जुड़ी स्मृतियां भेंट कर सहयोग करेगा।

घर को इंडियन हाउस के नाम से नई पहचान

घर खरीदने के बाद सुखदेव सिंह कांग ने इसके बाहर इंडियन हाउस का बोर्ड लगाया है। उन्होंने कहा कि इस घर से उनका कोई व्यावसायिक हित नहीं जुड़ा है। उनके परिवार का कोई भी सदस्य इस घर में नहीं रहता है; इसकी साफ-सफाई और देखरेख के लिए एक स्थानीय केयरटेकर नियुक्त की गई है और सभी टैक्स का भुगतान वह खुद करते हैं।

दैनिक विश्वमित्र

।। नीति वचन ।।

गलती करने के लिए कोई भी वक्त सही नहीं है, लेकिन गलती सुधारने के लिए कोई भी वक्त बुरा नहीं है।

परहित बस जिनके मनमाहीं, तिन कहं जग दुर्लभ कछु नाहीं।।

सम्पादकीय

बच्चे और इंटरनेट?

ऐसे दौर में जब आस्ट्रेलिया-फ्रांस व अन्य विकसित देशों में सोशल मीडिया तक बच्चों की पहुंच सीमित करने के कानून बने हैं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों की इंटरनेट तक पहुंच उनका मौलिक अधिकार है। इस पर प्रतिबंध लगाना अनुचित है। कोर्ट ने माना कि इंटरनेट तक पहुंच और इस्तेमाल करने का अधिकार, संविधान के अनुच्छेद 21 के साथ-साथ अनुच्छेद 19(1) (ए) के तहत निर्धारित 'वाक् और अभिव्यक्ति की आजादी ' में ही निहित है। दरअसल, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी चंद्रन की पीठ इंटरनेट के जरिये बच्चों के शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री का पता लगाने और उसे हटाने के उपायों पर विमर्श कर रही थी। इसी बीच कई देशों द्वारा एक निर्धारित उम्र तक के बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच सीमित करने का मामला सामने आया। भारत में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है। अदालत का मानना था कि हम बच्चों से जुड़ी ऐसी चिंताओं को स्वीकार करते हैं, लेकिन इंटरनेट पर प्रतिबंध इसका न्यायोचित विकल्प नहीं है। शीर्ष अदालत ने माना कि इस माध्यम से बच्चों को दूर रखकर हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते। अदालत का तर्क था कि बच्चों की आजादी और सुरक्षा एक दूसरे के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन्हें दोनों ही चीजें मिलनी चाहिए।

आज का सुविचार

जिस व्यक्ति को अपने भीतर कोई भी कमी नहीं दिखती, वह कभी भी एक बेहतर इंसान नहीं बन सकता।

आज का पंचांग

कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, 11:42 तक उपरांत पूर्णिमा सिद्धार्थि संवत्सर विक्रम संवत 2083, शक संवत 1948 (पराभव संवत्सर)।

आज का राशिफल



मेष (Aries): आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदों और सुनहरे अवसरों की शुरुआत लेकर आया है। यदि लंबे समय से घर, जमीन या किसी बड़ी खरीदारी का सपना देख रहे थे, तो परिस्थितियां आपके पक्ष में बनती दिखाई दे रही हैं।



वृष (Taurus): आज का दिन आपको सेहत और सावधानी दोनों का संदेश दे रहा है। खान-पान में लापरवाही से बचें और तली-भुनी चीजों का सेवन कम करें। घर में कुछ बदलाव करने की योजना बना सकते हैं।



मिथुन (Gemini): आज का दिन नई सोच और नए अवसरों के नाम रहेगा। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए नई तकनीक या नए तरीके अपनाना लाभदायक साबित हो सकता है। घर में छोटी-छोटी बातों पर तनाव हो सकता है।



कर्क (Cancer): आज का दिन खुशियां और संतोष लेकर आएगा। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होती नजर आएगी। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं।



सिंह (Leo): आज आपकी वाणी और व्यवहार ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेंगे। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी चिंता जरूर रह सकती है, लेकिन समझदारी से लिया गया फैसला आपको सही दिशा देगा।



कन्या (Virgo): आज सामाजिक जीवन में आपकी सक्रियता बढ़ेगी और लोगों के बीच आपकी पहचान मजबूत होगी। किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।



तुला (Libra): आज चुनौतियों के साथ नए अवसर भी आपका इंतजार कर रहे हैं। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है। निवेश या शेयर बाजार से जुड़े लोगों के लिए दिन अनुकूल रहेगा।



वृश्चिक (Scorpio): आज का दिन नई उम्मीदें लेकर आया है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाहा अवसर मिल सकता है। हालांकि किसी भी तरह का बड़ा जोखिम उठाने से बचें। नए लोगों से परिचय बढ़ेगा।



धनु (Saggiatarias): आज आपका मन सेवा, भक्ति और अच्छे कार्यों में अधिक लगेगा। जरूरतमंद लोगों की मदद करके आपको आत्मसंतोष मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, इसलिए बजट बनाकर चलें।



मकर (Capricon): आज आर्थिक मामलों में अच्छे संकेत मिल सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ कोई महत्व-पूर्ण काम पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। निवेश के लिए समय अनुकूल है, लेकिन हर कदम सोच-समझकर उठाएं।



कुंभ (Aquries): आज धैर्य और संयम आपके सबसे बड़े साथी साबित होंगे। स्वास्थ्य से जुड़ी छोटी-छोटी बातों को भी नजरअंदाज न करें। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खुशखबरी माहौल को आनंदमय बना सकती है।



मीन (Pisces): आज का दिन मिला-जुला लेकिन उम्मीदों से भरा रहेगा। यदि आप विवादों से दूरी बनाए रखेंगे, तो दिन काफी सुखद बीतेगा। दोस्तों के साथ यादगार पल बिताने का मौका मिलेगा।

समकालीन हिंदी कविता — पारिजात....



सीमा भावसिंहका

शाम ढले जब सूरज डूबे, कलियाँ चटकने लगती हैं,
श्वेत पंखुड़ियाँ, नारंगी डंठल, रातों को सजती हैं।
आँगन में जो पेड़ लगा है, खुशबू ऐसी बिखेरता,
महक उठे कोना-कोना, हर कोना चैन से भरता।
समुद्र मंथन से आया ये, देवताओं का वरदान है,
माँ लक्ष्मी को प्रिय अति, हरसिंगार महान है।
इसकी अनोखी रीत है, कोई डाल से इसे न तोड़े,
ये खुद झुककर गिर जाता है, सारे नाते जोड़े।
बिना तोड़े पूजा में चढ़ता, इतना कोमल न्यारा है,
ब्रह्म मुहूर्त में टपकना इसका, दृश्य बहुत ही प्यारा है।
सुबह उठो तो लगता मानो, किसने रंगोली रची हो,
सफेद और नारंगी फूलों की, चादर सी बिछी हो।
धूप चढ़े इससे पहले ही, सब बीनने दौड़ आते हैं,
शिव-पार्वती और लक्ष्मी को, बड़े प्यार से चढ़ाते हैं।
शरद पूर्णिमा की रात जब, पूरा चाँद मुसकाता है,
खुशबू के पीछे-पीछे ही, माँ लक्ष्मी घर आती हैं।
नारंगी डंडी के रंगों से, चुनरियाँ रंगी जाती थीं,
गाँव के हर आँगन की, ये शान बढ़ाई जाती थीं।
सीख यही देता है हमको, पारिजात का जीवन सारा,
फूलों सा समर्पित होना, सीखे ये जग सारा।



अवैध कब्जा पर बुलडोजर

सीमा पार करके भारत में कई दिनों तक हिंदू वेश में रहने वाले पांच बांग्लादेशियों की कहानी जैसे ही लीक हुई, बुलडोजर हरकत में आ गए और घर को ध्वस्त कर दिया गया। आरोप है कि उन्होंने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके घर बनाया था।

राजस्थान समाचार

55 घोषित सीटों में से 41 पर जीत दर्ज कर कांग्रेस को मिला प्रचंड बहुमत

महज 12 सीटों पर सिमट गई भाजपा

अब जिला प्रमुख के लिए दावेदारी तेज



जयपुर: पंचायती राज चुनाव के नतीजों ने जयपुर जिले की राजनीति में बड़ा बदलाव कर दिया है। जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा को करारी शिकस्त दी है। जिला परिषद के कुल 57 वार्डों में से 55 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस ने 41 वार्डों में जीत दर्ज की है, जबकि सत्ताधारी भाजपा महज 12 सीटों पर सिमट गई। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के खाते में दो सीटें गई हैं।

जयपुर जिला परिषद के चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद अब जिला प्रमुख बनने की तैयारियां तेज हो गई है। अब राजनीतिक गलियारों में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जयपुर का नया जिला प्रमुख कौन बनेगा। जयपुर जिला प्रमुख का पद सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित बताया गया है। यानी जिला प्रमुख के लिए किसी भी वर्ग का प्रत्याशी महिला हो या पुरुष दावेदारी कर सकता है। कांग्रेस में चार दावेदार चर्चाओं में हैं जो जिला प्रमुख की दौड़ में सबसे आगे माने जा रहे हैं। श्रवण गुर्जर, यशवीर सिंह सूरा , तनु शर्मा और सीताराम यादव शामिल हैं।

जिला प्रमुख की कुर्सी के लिए पार्टी यदि सामाजिक संतुलन और संगठनात्मक समीकरणों को प्राथमिकता देती है तो उनका नाम विचार में आ सकता है।

20 सीटें जीतकर भी कांग्रेस में फंसा पेच

जैसलमेर जिला परिषद चुनाव के नतीजों ने जैसलमेर की सियासत में कांग्रेस का दबदबा कायम कर दिया है। जिला परिषद के कुल 21 वार्डों में से 20 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज कर भाजपा को महज एक सीट पर समेट दिया है। अब बहुमत के बाद कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर जिला प्रमुख की कुर्सी किसके हिस्से आएगी?

जिला प्रमुख का पद अनुसूचित जनजातिवर्ग के लिए आरक्षित है। कांग्रेस के पास इस वर्ग के चार विजेता सदस्य हैं।

छोटी गाय के बाद मिनी भैंस का अट्रैक्शन

अजमेर : राजस्थान के अजमेर जिले में चल रहे विश्व प्रसिद्ध पुष्कर पशु मेले में इन दिनों एक नन्ही भैंस लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जहां मेले में बड़े-बड़े और खूबसूरत पशुओं की चर्चा हो रही है, वहीं महज 2 फीट ऊंची भैंस पिंकी ने अपनी अनोखी कद-काठी से सबका ध्यान खींच लिया है। महाराष्ट्र के मुंबई स्थित ठाणे से पुष्कर मेले में पहुंची पिंकी को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पिंकी को देखने के लिए देशी-विदेशी पर्यटक ही नहीं, बल्कि पशुपालक भी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। लोग उसके साथ सेल्फी ले रहे हैं और उसकी छोटी कद-काठी को देखकर हैरान हो रहे हैं। पशुपालक सोहिल शकील ने बताया कि पिंकी का छोटा कद किसी विशेष नस्ल की वजह से नहीं, बल्कि प्राकृतिक और जन्मजात है।

उदयपुर हाईवे पर भीषण हादसा, 9 की मौत

कोटा: राजस्थान के कोटा में कोटा-उदयपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। यह सड़क हादसा आधी रात को शंभूपुरा के पास हुआ है। यहां तीर्थयात्रियों से भरी एक गाड़ी की खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हैं। घटना की सूचना पता ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को निकट के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में कई की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के सभी एक ट्रैवलर गाड़ी में सवार होकर महाराष्ट्र से राजस्थान के खाटू श्याम आए थे। गाड़ी में सवार 16 लोग एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं, जो खाटू श्याम के दर्शन के बाद वापस लौट रहे थे।

इनकी गाड़ी जब कोटा-उदयपुर हाईवे पर शंभूपुरा के पास पहुंची तो हादसा हो गया। गाड़ी की स्पीड ज्यादा होने की वजह से खड़े ट्रक से टकराते ही ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए। इसमें 9 लोगों की मौत हो गई।



खाटू श्याम के दर्शन करके महाराष्ट्र लौट रहा था परिवार

मामले की जानकारी देते हुए कोटा के अपर जिला कलेक्टर राजेश जोशी ने बताया कि हादसा शंभूपुरा के पास आधी रात को हुआ है। 16 लोगों से भरी एक ट्रैवलर गाड़ी हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इसमें 9 लोगों की जान चली गई। वे खाटू श्याम के दर्शन करके महाराष्ट्र लौट रहे थे।

भरतपुर में दो सगे भाइयों की हत्या

भरतपुर: राजस्थान के डीग जिले में मंगलवार सुबह 13 वर्षीय जुड़वां भाइयों की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, विनय चौधरी और विष्णु चौधरी के शव बड़ेसरा गांव में उनके घर के पास एक खाली भूखंड में मिले।

सिलीगुड़ी समाचार

भ्रष्टाचार के आरोप में विधायक का करीबी गिरफ्तार

सिलीगुड़ी : आर्थिक भ्रष्टाचार के एक मामले में दार्जिलिंग के भाजपा विधायक नोमान राई के करीबी सहयोगी रीवा लावर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार शाम माटीगाड़ा स्थित सिटी सेंटर से माटीगाड़ा थाना पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। आरोपी पर करोड़ों रुपये की कथित वित्तीय अनियमितता में शामिल होने का आरोप है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में वर्ष 2024 में आर्थिक अनियमितता की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस लंबे समय से मामले की जांच कर रही थी। शनिवार शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी सिटी सेंटर में मौजूद है। बताया जाता है कि उस समय वह भाजपा विधायक नोमान राई के साथ था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

भूसी की आड़ में लाखों की तस्करी

फांसीदेवा, (सिलीगुड़ी) : भूसी की आड़ में चोरी की साल लकड़ी की तस्करी करने की कोशिश को वन विभाग ने नाकाम कर दिया। इस कार्रवाई में वन विभाग की टीम ने साल लकड़ी से लदी एक पिकअप वैन जब्त की है। बरामद लकड़ी की बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, घटना फांसीदेवा के मौलानी इलाके में 27 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। वन विभाग को काफी समय से इलाके में चोरी की साल लकड़ी की तस्करी किए जाने की सूचना मिल रही थी। इसी बीच शनिवार रात गुप्त सूचना के आधार पर घोषपुकुर वन विभाग की टीम ने संदिग्ध वाहन पर नजर रखनी शुरू की।

इसके बाद टीम ने वाहन का पीछा करते हुए मौलानी इलाके में



उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान भूसी की आड़ में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में साल की लकड़ी बरामद हुई। वन विभाग की टीम को देखते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

फिलहाल वन विभाग ने तस्करी में इस्तेमाल की गई पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। वन विभाग यह भी पता लगाने में जुटा है कि लकड़ी कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाने की योजना थी।

विरोध करने पर दंपति की पिटाई

सिलीगुड़ी, 22 नवंबर (नि.प्र.)। पत्नी पर अश्लील टिप्पणी किए जाने का विरोध करना एक दंपति को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट की। घटना डाबग्राम-फूलबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंबिकानगर इलाके की है। इस मामले में पूर्व भाजपा पंचायत सदस्य कमल बर्मन के बेटे पर मारपीट करने का आरोप लगा है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात दंपति कार्यालय का काम खत्म कर अपनी गाड़ी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी के पीछे चल रहे दो टोटो चालकों में से एक ने महिला पर अश्लील टिप्पणी करने के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। यह सुनकर महिला के पति ने गाड़ी रोककर इसका विरोध किया और टिप्पणी करने का कारण पूछा।आरोप है कि इसके बाद दोनों टोटो चालकों ने दंपति पर हमला कर उनकी जमकर पिटाई कर दी।

रानीगंज समाचार

विद्यार्थियों का शांतिनिकेतन भ्रमण



रानीगंज, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। रानीगंज डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 (विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी संकाय) के विद्यार्थियों के लिए बोलपुर स्थित शांतिनिकेतन का एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शांतिनिकेतन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला एवं साहित्य की परंपराओं तथा शैक्षणिक महत्त्व से परिचित कराना था। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की शैक्षिक विचारधारा एवं प्रकृति के सान्निध्य में शिक्षा प्रदान करने की उनकी अनूठी अवधारणा को समझने का अवसर मिला। इस शैक्षणिक यात्रा ने विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से परे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने, नई जानकारियाँ अर्जित करने तथा अपनी सांस्कृतिक समझ को समृद्ध बनाने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया।

कुल्टी समाचार

प्रकाश पर्व पर श्रद्धा का सैलाब



कुल्टी, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं महान संत गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर कुल्टी के नियामतपुर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रत्येक वर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सप्ताहव्यापी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह नियामतपुर की सड़कों पर भव्य प्रभात फेरी एवं नगर परिक्रमा निकाली गई। सुबह से ही सिख समुदाय के श्रद्धालु हाथों में खंडा साहिब का ध्वज लेकर और गुरुवाणी का पाठ करते हुए नगर परिक्रमा में शामिल हुए। प्रभात फेरी नियामतपुर म्युनिसिपैलिटी रोड से शुरू होकर चित्तरंजन रोड, इस्को रोड और जीटी रोड होते हुए पुनः म्युनिसिपैलिटी रोड पहुंचकर संपन्न हुई।

बराकर समाचार

गौरांग मंदिर में स्वास्थ्य सेवा



बराकर, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। विजया सम्मेलन के पावन अवसर पर बराकर स्थित गौरांग मंदिर में मानव सेवा और सामाजिक कल्याण का अनुपम संदेश देते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था के साथ मानवता की सेवा को जोड़ने वाली इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। इस पुनीत कार्यक्रम का नेतृत्व गौरांग मंदिर के साधु संत हरे कृष्ण बाबा ने किया। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुल्टी थाना प्रभारी अशोक सिंह महापात्र एवं बराकर थाना प्रभारी अंजन कुमार रजक उपस्थित रहे। दोनों थाना प्रभारियों ने इस सामाजिक एवं जनकल्याणकारी पहल की सराहना की।

बांग्लादेश मुद्दे पर आज विदेश मंत्री से बात करेंगे मुख्यमंत्री



कोलकाता, (नि.प्र.)। शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में हालिया अशांति और अल्पसंख्यक हिंदुओं के उत्पीड़न के आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। उनके अनुसार, पश्चिम बंगाल में हुई घटना का असर पश्चिम बंगाल पर भी पड़ सकता है। इस स्थिति में, उन्होंने कहा कि वे सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से संपर्क करेंगे।

रविवार शाम पीडब्ल्यूडी के टेंट में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''बांग्लादेश एक पड़ोसी देश है। जो कुछ हो रहा है वह बहुत दुखद है। मैं चिंतित हूं। मैं कल जयशंकर जी को सूचित करूंगा। किसी भी प्रांत का मुख्यमंत्री विदेश मामलों पर सीधे टिप्पणी नहीं कर सकता। न ही कोई कार्रवाई कर सकता है। इसलिए मैं कल जयशंकर जी से संपर्क करूंगा। बांग्लादेश में कई बंगाली लोगों के रिश्तेदार हैं, वे बहुत चिंतित हैं।''

उन्होंने कहा कि कोई भी प्रांतीय सरकार विदेश मामलों में सीधे हस्तक्षेप या टिप्पणी नहीं कर सकती; उसे नियमों और प्रोटोकॉल के अनुसार विदेश मंत्रालय के माध्यम से कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में उनका भी कुछ नियंत्रण है और वे मनमानी से कार्य या टिप्पणी नहीं कर सकते। उन्होंने दावा किया कि यद्यपि सीमा बहुत सख्त है, फिर भी न केवल पश्चिम बंगाल, बल्कि असम, त्रिपुरा और मेघालय जैसे सीमावर्ती राज्यों में भी कई लोगों के रिश्तेदार बांग्लादेश में रहते हैं। चूंकि कम से कम दो करोड़ लोगों के रिश्तेदार वहां हैं, इसलिए इस राज्य में भी प्रतिक्रिया हो रही है और लोग चिंतित हैं। बांग्लादेश से आने की संभावना और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सीएए की अंतिम तिथि 31-12-2014 है और बांग्लादेश से आने वाले लोगों के खिलाफ कोई पुलिस कार्रवाई न करने का मुद्दा 31-12-2024 तक है। यदि आवश्यक हुआ तो वे गृह मंत्री से समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध करेंगे। हालांकि, उन्होंने मेडिकल वीजा पर कोई अलग टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के नियमों के अनुसार, मानवीय कारणों से मेडिकल वीजा पर आने वालों को उपचार मिलेगा और मुख्यमंत्री होने के नाते वे इस मामले पर कोई अलग बयान नहीं देंगे।

रितब्रत बनर्जी-अरूप रॉय के खिलाफ शिकायत दर्ज

कोलकाता, 22 22 नवंबर (नि.प्र.)। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट ने पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर चल रहे विवाद के बीच रितब्रत बनर्जी और अरूप रॉय समेत कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराई है. ममता गुट ने आरोप लगाया है कि विरोधी गुट ने चुनाव आयोग के सामने पेश करने के लिए फर्जी दस्तावेज और हलफनामे तैयार किए हैं। यह शिकायत कोलकाता के कालीघाट पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। दोनों गुटों ने चुनाव आयोग के सामने पार्टी के नाम, चुनाव चिन्ह और ैक खातों पर अपना दावा पेश करते हुए हलफनामे जमा किए हैं।

ममता गुट का आरोप है कि बीरभूम जिले के नानूर पुलिस स्टेशन के कुछ पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से विरोधी गुट ने फर्जी हलफनामे तैयार किए. ममता- की ओर से अधिवक्ता सुभाषिश चक्रवर्ती ने यह शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पुलिस अधिकारियों और सिविक वॉलंटियर्स ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने में मदद की. ममता गुट ने दावा किया है कि नानूर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने रितब्रत बनर्जी और अरूप रॉय के साथ मिलकर फर्जी और मनगढ़ंत हलफनामे तैयार किए।



कोठारी इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक अरूप कोठारी को बिजनेस एक्सीलेंस 2026 से सम्मानित करते मंत्री अशोक डींडा।

49वां पेस्टा हॉकी इंटरनेशनल टूर्नामेंट मलेशिया में आयोजित किया जाएगा



कोलकाता, 22 नवंबर (नि.प्र.)। 6 साइड इंडोर हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडरेशन), महाराष्ट्र राज्य। यह इंटरनेशनल गेम फेडरेशन ऑफ द यूनाइटेड वर्ल्ड और इंटरनेशनल ओलंपिक कमिटी से संबद्ध है। 6 साइड इंडोर हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने खिलाड़ियों का चयन किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। 49वां पेस्टा हॉकी इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2026 मलेशिया के पेनांग में आयोजित किया जाएगा, जिसका आयोजन यूनिवर्सिटी मलेशिया द्वारा किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 14 नवंबर 2026 से 16 नवंबर 2026 तक चलेगा। मलेशिया के पेनांग में होने वाले इस इंटरनेशनल हॉकी टूर्नामेंट में भारत की 6 साइड हॉकी टीम हिस्सा लेगी। चयनित खिलाड़ियों और कोच के नाम इस प्रकार हैं अरबिंदा सेनापति (कोलकाता, पश्चिम बंगाल), एस.के. मोसिन सलीम (महाराष्ट्र), सोनार नितिन अशोक (महाराष्ट्र), दिलबर टोप्पो, 5. अंकित टोप्पो, संजय बारला (झारखंड), मो. रेहान खान, है।

मैगज़ीन के तीसरे साल के कवर का अनावरण

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। हाल ही में, सुदीपा मजूमदार बराल की एडिटेड ''इंटरनेशनल लिटरेचर सुधा'' मैगज़ीन के तीसरे साल के कवर का अनावरण समारोह नलिनी गुहा सभागार में हुआ। साहित्यकार, कवि, एडिटर और सोशल वर्कर को सम्मानित किया गया। प्रोग्राम की अध्यक्षता डॉ. शिवाशीष मुखर्जी ने की, चीफ गेस्ट की सीट जाने-माने सोशल एक्टिविस्ट, लिटरेचरिस्ट और प्रोफेसर मिराटुन नाहर ने संभाली, डॉ. पार्थजीत गंगोपाध्याय को लिटरेरी अवॉर्ड मिला, और सीनियर जर्नलिस्ट और एडिटर दिलीप चक्रवर्ती को एडिटर का अवॉर्ड मिला। सुखदेव हाजरा को सोशल वर्कर और लिटरेचर लवर का सम्मान मिला। इसके अलावा, साहित्य सुधा पब्लिशिंग हाउस ने दिलीप हलदर का ''अनु ते अनुपम'' और ''मरुभूमिर बुके जल'' नाम का कविता कलेक्शन पब्लिश किया। प्रोग्राम को संचिता भट्टाचार्य सेनगुप्ता ने मॉडरेट किया। इस इवेंट में राफिना यास्मीन, नंदिता चक्रवर्ती, शमिक मजूमदार, डॉ. सौमित्र सरकार, डॉ. गौतम समाजदार, डॉ. सुबीर मुखर्जी, डायेक्टर और आर्टिस्ट देबाशीष बंदोपाध्याय, मीता नियोगी, जयंत रसिक, पार्थसारथी, बलराम नाथ और कई दूसरी जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं।



सोमवार, 23 नवम्बर, 2026

सूर्योदय 5.54 बजे

सूर्यास्त 4.51 बजे

■ आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 29 व 23 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम व न्यूनतम आर्द्रता 93% तथा 87% रही।



●श्रीमती सुनीता जी व्यास के द्वारा माजीसा जी की आरती,सायं 6.15 बजे से,30, बृजदुलाल स्ट्रीट,3 तल्ला,हरिपदो गली,बड़ाबाजार,कोलकाता-7 से।

●**रजनी फाउंडेशन** : बाबा रामदेवजी की आरती,रात्रि 8 बजे से,28/1ए, रतन सरकार गार्डेन स्ट्रीट,तारा सुंदरी पार्क के पास,बड़ाबाजार,कोलकाता-7 से।

●**बाबा श्री रामदेव जी प्राचीन मंदिर** : बाबा रामदेवजी की आरती,सायं 7 बजे से,3,जगबंधु बोराल लेन,मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के सामने गली में,बड़ाबाजार,कोलकाता-7 में।

●**राठी परिवार (फलौदी)** : बाबा रामदेव जी की आारती,सुबह 8.30 बजे से,राठी हाउस,1 तल्ला,फ्लैट-1ए,बुइलकॉन ऑर्किड,ज्यांगरा,बागुईहाटी,कोलकाता -59 में।

●**श्री श्याम प्रेम मण्डल(बड़ाबाजार)** :निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा,21/1,काशी दत्ता स्ट्रीट,जोड़ाबागान,कोलकाता-6,सुबह 10 बजे से।

भाजपा के हस्तक्षेप से शिक्षिका को फिर मिली नौकरी

हावड़ा, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में नौकरी गवां चुकीं एक शिक्षक को नयी सरकार ने फिर से स्कूल में पढ़ाने का मौका मिला है। भाजपा शिक्षा सेल के हस्तक्षेप से उनकी नौकरी बहाल कर दी गयी है। वह सोमवार से स्कूल जाना शुरू करेंगी। यह कहानी उदयनारायणपुर के वीरेश्वर बालिका विद्यालय की अस्थायी शिक्षिका रमा बेज की है, जिन्हें तृणमूल सरकार के शासनकाल में भाजपा की ओर से विभिन्न शिक्षा आंदोलनों में हिस्सा लेने के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था। उन्हें नौकरी से हटाये जाने का आरोप उदयनारायणपुर के विधायक समीर पांजा पर है। हालांकि, विधायक ने इस आरोप को गलत बताया है। जानकारी के अनुसार, रमा बेज वर्ष 2015 से उदयनारायणपुर के वीरेश्वर बालिका विद्यालय में अस्थायी शिक्षक के साथ-साथ यहां के उदयनारायणपुर के माधबीलता कॉलेज में अतिथि प्रोफेसर थीं। भाजपा की ओर से विभिन्न शिक्षा आंदोलनों में हिस्सा लेने के कारण सात साल पहले उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ा था। उन्होंने कई बार अपनी नौकरी वापस पाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। आखिरकार राज्य में नयी सरकार के सत्ता में आने के बाद रमा बेज ने अपने पुराने कार्यस्थल पर दोबारा अस्थायी शिक्षिका के रूप में सोमवार से योगदान देने जा रही हैं। हालांकि, उन्हें कॉलेज में जाने की अभी तक अनुमति नहीं मिली है।

लॉरी के धक्के से साइकिल सवार की मौत

दासनगर थाना अंतर्गत जापानी गेट के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार लॉरी की चपेट में आने से एक साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान राजकुमार दास (40) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकुमार दास साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार लॉरी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़े और लॉरी का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया। इस हादसे में घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने विरोध जताते हुए सड़क पर पथावरोध शुरू कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ।

पुलिस ने देशी शराब के अड्डे को तोड़ा

जेबीपुर थाना अंतर्गत शंकरहाटी-2 ग्राम पंचायत के नवासन गांव में देशी शराब बनाने और उसकी बिक्री के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने शराब के अड्डे को तोड़ दिया और 150 लीटर शराब जब्त करते हुए कई लोगों को हिरासत में लिया है। मौके से पुलिस ने शराब बनाने का कच्चा सामान भी जब्त किया है।

राज्य बजट की तैयारी शुरू

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2027-28 के बजट की तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही, वित्त वर्ष 2026-27 के संशोधित बजट को तैयार करने का काम भी शुरू हो गया है। वित्त विभाग ने इन दोनों बजटों के प्रशासनिक व्यय से संबंधित प्रस्ताव 23 नवंबर तक ऑनलाइन जमा करने का आदेश दिया है। बुधवार को वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रभात कुमार मिश्रा ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की। दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रस्ताव को आई-बजट 2.0 पोर्टल के विभागीय बजट प्रविष्टि मॉड्यूल में जमा किया जाना चाहिए। ऑनलाइन जमा किया गया प्रस्ताव अंतिम माना जाएगा। इसलिए, अलग से कोई कागज़ी प्रति भेजने की आवश्यकता नहीं है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संशोधित बजट तैयार करते समय, अब तक हुए वास्तविक व्यय और आने वाले महीनों में संभावित व्यय का विवरण देना चाहिए। इसके अलावा, प्रस्ताव में अतिरिक्त आवंटन, निधियों के पुनर्आवंटन और नए उप-शीर्षों को शामिल करने जैसे मुद्दों का भी उल्लेख होना चाहिए। दूसरी ओर, वित्तीय वर्ष 2027-28 के बजट को तैयार करते समय, इसे पिछले वर्ष के वास्तविक व्यय और चालू वर्ष के संशोधित बजट पर आधारित करने के लिए कहा गया है। यदि प्रस्तावित आवंटन और पिछले वर्ष के व्यय में कोई बड़ा अंतर है, तो इसका उचित कारण स्पष्ट किया जाना चाहिए। इस स्थिति में, संबंधित विभाग के वित्तीय सलाहकारों से परामर्श करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही, सरकारी व्यय में कटौती के संबंध में पहले जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है। ऑनलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत करने में किसी भी तकनीकी समस्या के मामले में, वित्त विभाग के बजट और ई-गवर्नेंस समूह से संपर्क किया जा सकता है।

गाड़ी पर मीडिया का स्टिकर लगाकर गांजा तस्करी का भंडाफोड़



मुर्शिदाबाद, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज पुलिस स्टेशन ने शनिवार रात मीडिया स्टिकर लगी कार में ड्रग्स की तस्करी करने की कोशिश कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम राशिदुल शेख और नूर हुसैन हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति ओडिशा के भुवनेश्वर से भारत के मालदा जिले में मीडिया के स्टिकर लगी कार में नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से लगभग 61 किलो 600 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला गांजा बरामद किया है। जब्त किए गए गांजे का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य कई लाख रुपये है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपी राशिदुल शेख मालदा जिले के ग़ज़ल इलाके में रहते हैं। वहीं, नूर हुसैन का घर उत्तरी 24 परगना के हारोआ पुलिस थाना क्षेत्र में है। एसडीपीओ (फराक्का) दीपेंद्र तमांग ने बताया, शनिवार को शमशेरगंज पुलिस स्टेशन को एक गुप्त सूत्र से सूचना मिली कि कुछ लोग नाबग्राम की ओर से मालदा जिले में एक निजी कार में भारी मात्रा में गांजा तस्करी करने की कोशिश कर रहे हैं। गुप्त सूत्र से मिली सूचना के आधार पर, शमशेरगंज पुलिस स्टेशन ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर जयकृष्णपुर जल टंकी चौराहे पर तलाशी अभियान शुरू किया। उसी दौरान, पुलिस ने मालदा की ओर जा रही एक संदिग्ध निजी एक्सयूवी कार को देखा और उसे रोक लिया।

योगी के खिलाफ विवादास्पद बयान, बंगाल का युवक गिरफ्तार

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश प्रशासन के खिलाफ कई विवादित तस्वीरें और बयान फैलाने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने इस मामले की जांच में बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश पुलिस दुर्गापुर पहुंची। दुर्गापुर सिटी सेंटर के निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मनोज सिंह है। उसे आज, रविवार को सिटी सेंटर इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मनोज सिंह कुछ समय से उत्तर प्रदेश में थे। उस दौरान उन पर कई आरोप लगे थे। उन पर सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने और उन्हें धमकाने का आरोप है। साथ ही, उन पर धमकी देकर पैसे वसूलने का भी आरोप है। बाद में वे उत्तर प्रदेश से दुर्गापुर लौट आए। तब भी उन पर आरोप है कि वे व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए योगी सरकार को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक और विवादित बयान फैला रहे थे। मनोज के खिलाफ उस राज्य में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। विभिन्न स्रोतों से जानकारी जुटाई गई। पता चला है कि उन्हें पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से भेजा जा रहा था। इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस दुर्गापुर पहुंची। शहर के मध्य क्षेत्र में छापेमारी कर मनोज को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस लॉकअप से भागा आरोपी

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। पुलिस को चोरी हुई कार का पता लगाने में देर नहीं लगी। महज 24 घंटों के भीतर कार बिहार से बरामद कर ली गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन उसे थाने के लॉकअप में नहीं रखा जा सका। आरोप है कि गिरफ्तार व्यक्ति रात के अंधेरे में बाथरूम की खिड़की तोड़कर फरार हो गया। रविवार सुबह दुर्गापुर के कोक ओवन थाने में कैदी के न मिलने पर भारी हंगामा हुआ। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश कर रही है। यह घटना शनिवार रात को घटी। फरार आरोपी का नाम मनोज चक्रवर्ती है। वह उत्तर 24 परगना का निवासी है। पुलिस के अनुसार, दुर्गापुर से एक सूमो कार चोरी हुई है। बुधवार, 18 तारीख को दुर्गापुर स्टेशन के पास स्थित एक पेट्रोल पंप से कार चोरी हो गई। अगले दिन कार के मालिक रमेश सिंह ने कोक ओवन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद पुलिस को पता चला कि चोरी हुई कार मैथन टोल प्लाजा से गुजरी थी। टोल टैक्स चुकाने के बाद मालिक के मोबाइल पर आया संदेश जांचकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुराग साबित हुआ। उस सूचना के आधार पर पुलिस दल बिहार के औरंगाबाद पहुंचा। चोरी के 24 घंटे के भीतर ही कार बरामद कर ली गई। पुलिस का दावा है कि मनोज खुद कार चलाकर बिहार भागने की कोशिश कर रहा था। उसे वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी को लेकर बिहार से दुर्गापुर लौटी। शनिवार को उसे दुर्गापुर की अदालत में पेश किया गया और न्यायाधीश के आदेश पर कोक ओवन पुलिस स्टेशन की हिरासत में भेज दिया गया।



सब्जी की महंगाई के खिलाफ मानिकतला बाजार के सामने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार के नेतृत्व में किया जा रहा विरोध प्रदर्शन। (समाचार पृष्ठ 5 पर) -विश्वमित्र

राज्य के स्कूलों में 26 को संविधान दिवस

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। बंगाल के सभी स्कूलों में आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल समग्र शिक्षा मिशन ने सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके तहत स्कूलों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ, पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। भारतीय संविधान को अंगीकृत किए जाने के दिवस का स्मरण करने व विद्यार्थियों में संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। संविधान दिवस पर स्कूलों में सुबह की प्रार्थना में विद्यार्थियों से सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराने को कहा गया है। विद्यार्थियों को अपने जिले या राज्य से संविधान सभा में प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाने और उनके योगदान पर वक्तव्य देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। संविधान आधारित विषयों पर पोस्टर बनाने और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित करने का भी सुझाव दिया गया है। इसके साथ ही संविधान के आदर्शों से प्रेरित होकर बुकमार्क, बैज और कोलाज बनाने जैसी रचनात्मक गतिविधियां भी कराई जाएंगी। कार्यक्रमों की निगरानी व सुचारु आयोजन के लिए प्रत्येक जिले में एक जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। लोकसभा सांसदों व राज्यसभा सदस्यों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में 26 से 30 नवंबर के बीच संविधान दिवस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है।



महानगर में शिशु करुणा संघ के स्थापना दिवस के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकान्त मजुमदार का स्वागत करते संस्था के पदाधिकारी। । -विश्वमित्र

बचने के लिए भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं ब्रात्य बसु : सुकांत

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने संकेत दिया था कि वे भविष्य में किसी अन्य पार्टी में शामिल हो सकते हैं। इसके ठीक 24 घंटे बाद, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक सनसनीखेज बयान दिया। उन्होंने कहा कि ब्रात्य बसु भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। सुकांत ने आज कहा, बलात्कार के आरोपों के सामने आने के बाद से ब्रात्य बसु कई भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। या तो दाल काली है या पूरी दाल काली है। विधानसभा चुनाव के बाद ब्रात्या लगभग 'गायब' हो गए थे। और उसके बाद से वे राजनीतिक मैदान में नजर नहीं आए। शनिवार को वे अचानक सामने आए। पत्रकारों का सामना करते हुए उन्होंने अपने ऊपर लगे बलात्कार के आरोपों पर खुलकर बात की। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि वे उस महिला को जानते भी नहीं हैं। ब्रात्य ने कहा कि वे आने वाले दिनों में कानूनी कार्रवाई करेंगे। पूर्व मंत्री ने घटना की सच्चाई जानने के लिए जांच की मांग की। उन्होंने पार्टी बदलने की अटकलों को भी हवा दी। उन्होंने दावा किया कि वे फिलहाल तृणमूल में नहीं हैं, क्योंकि पार्टी का अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। ब्रात्य, जो कभी ममता और अभिषेक के भरोसेमंद सिपाही थे, चुनाव में मिली हार के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं रख पाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने ममता और अभिषेक के विरोधी समूह ऋतब्रत गुट से बात की थी।

पुतला बनाकर बच्चे ने किया पिता की अंत्येष्टि

मुर्शिदाबाद, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। मुर्शिदाबाद के भाजपा कार्यकर्ता सुजीत मंडल की हत्या करने के बाद, हत्यारों ने उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर नदी में फेंक दिए! शरीर का एक हिस्सा बरामद कर लिया गया, लेकिन बाकी हिस्सा नहीं मिला। पिता का शव न मिलने पर छह वर्षीय बेटे ने पुतला जलाकर अंतिम विदाई दी। सुजीत का अंतिम संस्कार रविवार सुबह मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज पुलिस स्टेशन के अंतर्गत धुलियान श्मशान घाट में संपन्न हुआ। भाजपा के मालदा (दक्षिण) क्षेत्र के संगठनात्मक जिला उपाध्यक्ष मिलन मंडल धुलियान श्मशान घाट पर उपस्थित थे। उन्होंने कहा, चूंकि सुजीत का शव नहीं मिल सका, इसलिए हमने आज उन्हें प्रतीकात्मक विदाई दी है। हम सुजीत के परिवार के साथ खड़े होने के लिए यहां आए हैं। पार्टी सरकार से अनुरोध करेगी कि उनके परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। धुलियान नगरपालिका के वार्ड 13 के निवासी और क्षेत्र के भाजपा नेता सुजीत 28 अगस्त को लापता हो गए थे। बाद में, विभिन्न स्रोतों से सूचना मिलने पर, शमशेरगंज पुलिस स्टेशन ने शमाउल हक, जानी शेख और तजफीरा बीबी नाम के तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ के बाद, पुलिस ने फरक्का में बल्लालपुर घाट के पास के क्षेत्र की तलाशी ली और 3 सितंबर को सुजीत के शरीर का एक हिस्सा बरामद किया। पुलिस को संदेह है कि शरीर का शेष भाग बह गया था। शरीर का हिस्सा बरामद होने के बाद, यह पुष्टि करने के लिए डीएनए परीक्षण किया गया कि यह सुजीत का है या नहीं। डीएनए परीक्षण के अंतिम परिणाम सुजीत के परिवार के एक सदस्य से मेल खाते हैं। रिपोर्ट शनिवार को परिवार को मिली। चूंकि मृतक भाजपा कार्यकर्ता का पूरा शरीर नहीं मिला, इसलिए आज, रविवार को, उनके नाबालिग बेटे ने हिंदू धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार श्मशान घाट पर उनका पुतला बनाकर अंतिम विदाई दी। संयोगवश, हाल ही में सीआईडी ब्लैकी एक टीम सुजीत मंडल हत्याकांड की पुनरावृत्ति करने के लिए आरोपी शमाउल के साथ धुलियान के एक बाजार में गई थी। उसी दौरान शमाउल ने पुलिस की बंदूक छीनकर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस मुठभेड़ में वह मारा गया। पता चला है कि भाजपा नेता सुजीत का मुठभेड़ में मारे गए शमाउल के साथ व्यापारिक संबंध था। व्यापार के साथ-साथ दोनों ब्याज पर पैसे उधार देते थे। हाल ही में सुजीत ने शमाउल को बड़ी रकम उधार दी थी, लेकिन उसे पैसे वापस नहीं मिल रहे थे।



सरकारी अस्पतालों में बाहर से नहीं खरीदनी होगी दवाइयां और चिकित्सा उपकरण

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अब बाहर से दवाइयां या चिकित्सा सामग्री खरीदने की जरूरत नहीं होगी। यदि अस्पताल में कोई दवा उपलब्ध नहीं है, तो उसे खरीदने की जिम्मेदारी अस्पताल अधिकारियों की होगी। मरीज या उसके परिवार को बाहर से दवाइयां खरीदने के लिए पर्ची नहीं दी जा सकती। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। यह आदेश चिकित्सा शिक्षा निदेशालय द्वारा 21 नवंबर को जारी किया गया था। राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के एमएसवीपी, अधीक्षकों और अन्य अस्पताल अधिकारियों को इस आदेश का पालन करने के लिए कहा गया है। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि डॉक्टरों को अस्पताल के निर्धारित प्रिस्क्रिप्शन पैड पर ही दवाइयां लिखनी होंगी। प्रिस्क्रिप्शन में डॉक्टर का नाम बड़े अक्षरों में, उपनाम, पंजीकरण संख्या और हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। यदि कोई डॉक्टर अस्पताल की निर्धारित सूची में शामिल न होने वाली दवा या चिकित्सा उपकरण लिखता है, तो उस नुस्खे को एमएसवीपी, गैर-चिकित्सा उप-प्रमुख या सहायक अधीक्षक को भेजा जाना चाहिए। इसके बाद, अस्पताल प्रशासन तुरंत स्थानीय बाजार से उस दवा या उपकरण को खरीदने की व्यवस्था करेगा और रोगी को निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। रोगी को इसे बाहर से खरीदने के लिए नहीं कहा जा सकता। यदि किसी कारणवश अस्पताल में आवश्यक दवाएं या चिकित्सा सामग्री उपलब्ध न हो, तो उन्हें शीघ्र खरीदने की व्यवस्था की जानी चाहिए। ऐसी स्थिति में, एफपीएमएस के माध्यम से खरीद के लिए स्वास्थ्य विभाग के पूर्व दिशानिर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश के माध्यम से, यदि दवाएं उपलब्ध नहीं हैं तो उनकी व्यवस्था करने की जिम्मेदारी अस्पताल अधिकारियों को सौंपी गई है।

विधायक रेखा पात्र की हालत नाजुक, देखने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री



कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। इस राज्य के हिंगलगंज विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक रेखा पात्र की तबीयत अचानक गंभीर रूप से बिगड़ने के बाद उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है और उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। चिकित्सकीय सूत्रों के मुताबिक, उनके शरीर में किसी विषाक्त पदार्थ के प्रभाव के लक्षण पाए गए हैं, जिससे पूरे मामले को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब नौ बजे रेखा पात्र अपने हिंगलगंज स्थित आवास पर अचानक बीमार पड़ गईं। उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति और बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थानांतरित किया गया। वहां उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया था। करीब चार घंटे तक उपचार के बाद भी उनकी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इसके बाद चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। फिलहाल वह अस्पताल के आईटीयू में चिकित्सकों की निगरानी में हैं। उन्हें वेंटिलेटर का सहारा दिया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, चिकित्सक युधाजीत सेनगुप्ता की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। रविवार सुबह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखोपाध्याय भी उनका हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। बताया गया है कि शनिवार रात बशीरहाट अस्पताल पहुंचने के समय विधायक बेहोश थीं। उन्हें ऑक्सीजन और स्लाइन दिया जा रहा था। हालांकि, उनके शरीर में विषाक्त पदार्थ का प्रभाव कैसे हुआ और वह किन परिस्थितियों में अस्वस्थ हुईं, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ सका है। इस घटना को लेकर जिला भाजपा नेतृत्व की ओर से भी फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। गौरतलब है कि रेखा पात्र संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ हुए आंदोलन के दौरान एक प्रमुख चेहरे के रूप में सामने आई थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें बशीरहाट लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा था, जहां उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। बाद में वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने हिंगलगंज सीट से जीत हासिल कर विधानसभा में प्रवेश किया।

प्रेमिका को आईफोन खरीदने के लिए एटीएम लूटने की कोशिश, प्रेमी गिरफ्तार

जलपाईगुड़ी, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। प्यार के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते। कुछ लोग अपने प्रेमी को खुश करने के लिए महंगे तोहफे देते हैं, तो कुछ चांद लाने का वादा करते हैं। लेकिन एक युवक ने अपनी प्रेमिका को आईफोन देने के लिए एटीएम तोड़ दिया। आरोपी का नाम मलय सेन है। उसका घर सेनपारा, मैनागुरी में है। मैनागुड़ी में एक सरकारी बैंक के एटीएम में सेंधमारी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस घटना में बैंक अधिकारियों ने पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद, मैनागुड़ी पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों ने एटीएम के सीसीटीवी फुटेज की जांच करके मामले की छानबीन शुरू की। उन्होंने विभिन्न तरीकों से तलाशी ली। अंत में, चोरी के दौरान पहने गए कपड़ों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने दावा किया कि उसकी प्रेमिका आईफोन खरीदना चाहती थी। और उसकी यह इच्छा पूरी करने के लिए वह एटीएम लूटने गया। लेकिन एटीएम का अलार्म बजते ही मलय डर गया और भाग गया। उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि आईफोन खरीदने की अपनी प्रेमिका की इच्छा पूरी करने के चक्कर में उसे इतने बड़े खतरे का सामना करना पड़ेगा। अपने शरीर को ढकने के बावजूद भी वह खुद को नहीं बचा सका।

नैहाटी अस्पताल में लगी आग

नैहाटी, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। पश्चिम बंगाल के नैहाटी स्थित स्टेट जनरल अस्पताल में रविवार तड़के आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद अस्पताल के कर्मचारियों ने तुरंत मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, लेबर रूम के पास स्थित एक बंद पड़े गोदाम में आग लगने की आशंका है। वहां से धुआं निकलता देखकर अस्पताल के कर्मचारियों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। इसके साथ ही अस्पताल की नर्सों ने मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया। कर्मचारियों की तत्परता से सभी मरीजों को समय रहते सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। इस वजह से किसी की जान नहीं गई।

NOTICE INVITING TENDER

NIT NO-JM/ENIT-56/2026-27 (2nd Call) dated- 21/11/2026
Name & Location of work :- Construction of various development works at different location in different wards within Jhalda Municipality. Date of uploading of N.I.T. & other Documents (online) (Publishing Date) : **21/11/2026 from 11.00 A.M.** Documents download/sell start date (Online) : **21/11/2026 from 03.00 P.M.** Documents download/sell end date (Online) : **30/11/2026 up to 03:00 P.M.** Bid submission start date (Online) : **21/11/2026 from 03.00 P.M.** Bid Submission closing (Online) : **30/11/2026 up to 03:00 P.M.** Bid opening date for Technical Proposals (Online) : **02/12/2026 at 03:30 P.M.** All relevant details available at **www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
Chairman
Jhalda Municipality

सरसों तेल 425 रुपये महंगा, तुअर दाल के दाम 201 रुपये बढ़े

नयी दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल को छोड़ अन्य जिंसों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 425 रुपये और तुअर दाल 201 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। चीनी और गेहूं के दाम भी बढ़ गए। बीते सप्ताह सरसों तेल औसतन 425 रुपये और मूंगफली तेल 171 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल में 71 रुपये और सूरजमुखी तेल में 60 रुपये की तेजी रही। वनस्पति की कीमत भी 46 रुपये बढ़ गई। वहीं, पाम ऑयल छह रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 201 रुपये और चना दाल की 97 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

व्यापार

एफपीआई नवंबर में लिवाली का नया रिकॉर्ड बनाने की ओर

मुंबई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) नवंबर में भारतीय पूंजी बाजार में रिकॉर्ड निवेश की ओर बढ़ रहे हैं। एफपीआई 20 नवंबर तक 13.67 अरब डॉलर यानी 1,28,608 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश कर चुके हैं। यदि महीने के अंत तक यही रुख जारी रहा तो यह मासिक एफपीआई निवेश का नया रिकॉर्ड हो सकता है। शुद्ध लिवाली बाजार में लगाई गई पूंजी और बाजार से निकाली गई पूंजी का अंतर होता है। इससे पहले सिर्फ दो ही मौके ऐसे रहे हैं जब एफपीआई ने एक ही महीने में भारतीय पूंजी बाजार में 10 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।

महिला कर दाता और आयकर अधिनियम 2025



डा. पारस कोचर, एडवोकेट
Pk@incometaxparaskochar.com.

कोलकाता, 22 नवम्बर। आयकर अधिनियम 2025 भी लगभग 1961 अधिनियम की तरह है और महिलाओं को कोई विशेष छूट या कटौतियाँ नहीं दी गई है । धारा 202 के अंतर्गत कर निर्धारण तय दरों में महिला और पुरुष की दर में कोई फ़र्क़ नहीं है । महिलाओं के स्त्री धन की कोई व्याख्या आयकर अधिनियम में नहीं की गई है और स्त्री धन से होने वाली आय में कर की कोई कटौती नहीं है ।महिलाओं के भरण पोषण के लिए मिलने वाली राशि पूंजी गत आय की श्रेणी में आती है अतः कर नहीं लगता है । तलाक से एक मुश्त मिलने वाली राशि कर मुक्त है किंतु मासिक धनराशि कर मुक्त नहीं है । महिलाओं को अपने विशिष्ट संबंधियों से मिलने वाला उपहार कर मुक्त है जैसे पिता, माँ, भाई , बहन आदि अनेक रिश्तेदार इस श्रेणी में आते हैं । विशिष्ट सम्बन्धियों के अलावा यदि उपहार अन्य किसी संबंधी या मित्र आदि से मिलता है और उपहार की राशि 50000/- तक है तो उस पर आयकर नहीं लगता है । महिला को यदि संयुक्त परिवार से कोई धनराशि चाहे उपहार आदि में मिले या संयुक्त परिवार के विभाजन पर मिले ,यह राशि आयकर मुक्त है ।

दैनिक विश्वमित्र विशेष

यदि सास या ससुर अपनी पुत्रवधू को बिना पर्याप्त प्रतिफल के संपत्ति देते हैं, तो उस संपत्ति से होने वाली आय निर्धारित परिस्थितियों में सास या ससुर की आय में जोड़ी जाएगी। नाबालिग पुत्री की आय सामान्यतः माता या पिता की आय में शामिल की जाएगी। लेकिन उसकी अपनी मेहनत, प्रतिभा, कौशल अथवा विशेष ज्ञान से अर्जित आय पर अपवाद लागू है। निर्दिष्ट दिव्यांगता वाले नाबालिग के संबंध में भी अपवाद है।

स्वास्थ बीमा , गंभीर बीमारी के उपचार पर किया गया व्यय, दिव्यांग आश्रित महिला, महिलाओं की उच्च शिक्षा आदि पर कर में छूट और कटौती है । किंतु इन सब धराओं एवं अन्य कई धाराओं में जो छूट मिलती है, सिर्फ़ एक दो छूट के अलावा सभी छूटे पुरुष करदाताओं को भी बराबर मिलती है ।

नारी शशक्त अभियान के अंतर्गत उन महिलाओं को जो तलाक शुदा है, विधवा है या परित्यक्ता है विशेष रियायत सरकार को आयकर में देनी चाहिये । यह रियायत एक बिशेष सीमा से ऊपर आय करने वाली महिला को नहीं देना चाहिये ।

महिलाओं के प्रति कर में छूट की नीति अपनाने से महिलाओं का आर्थिक विकाश होगा। सरकार को इस तरह महिलाओं के प्रति भावना व्यक्त करनी चाहिय।।।

आईटीआर में दें बैंक ब्याज की सटीक जानकारी



डॉ. अजीत कुमार जैन
(लेखक Medra Finvest Private Limited के प्रबंध निदेशक, आर्थिक समीक्षक एवं फेडरेशन ऑफ एसोसिएन्स ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज ऑफ इंडिया (FASII) की बैंकिंग एवं फाइनेंस विभाग के चेयरमैन हैं।)

MEDRA FINVEST
Vishwass Apka, Sath Hamara

कोलकाता, 22 नवम्बर। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते समय अगर आपने बैंक अकाउंट में जमा रकम पर मिली ब्याज की जानकारी नहीं दी है तो परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) में बैंक ब्याज की सही जानकारी दें। ऐसा नहीं करने पर कठिनाई का सामना कर पड़ सकता है। ऐसा ही मामला एक शख्स के साथ हुआ है। इस शख्स को इनकम टैक्स विभाग की ओर से 3 लाख रुपये से ज्यादा का नोटिस मिला। हालांकि मामला इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल की दिल्ली बेंच में पहुंचा, जहां इस शख्स को राहत मिली। यह मामला सिद्धार्थ गुप्ता बनाम इनकम टैक्स ऑफिसर का है। वह व्यक्ति नौकरीपेशा हैं। उन्होंने असेसमेंट ईयर 2020-21 के लिए 16 अक्टूबर 2020 को अपना इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया था। इसमें उन्होंने अपनी कुल आय 81.35 लाख रुपये बताई थी। बाद में इनकम टैक्स विभाग को अपने इनसाइट पोर्टल पर उनके बैंक ब्याज और कार खरीदने से जुड़ी जानकारी मिली। इसके आधार पर विभाग ने इनकम टैक्स एक्ट की धारा 147 के तहत उनका पुराना मामला दोबारा खोल दिया। इनकम टैक्स विभाग ने बाद में 31 मार्च 2024 को धारा 148 के तहत नोटिस जारी किया। इस नोटिस के जवाब में उसने 24 अप्रैल 2024 को नया रिटर्न दाखिल किया। इसमें उन्होंने अपनी कुल आय बढ़ाकर 85.84 लाख रुपये दिखाई। यानी उन्होंने पहले रिटर्न में छूट गए 4.49 लाख रुपये के बैंक ब्याज को भी शामिल कर लिया। असेसिंग ऑफिसर ने उनकी बताई गई आय को स्वीकार कर लिया और कोई अतिरिक्त आय नहीं जोड़ी। हालांकि, इसके बाद विभाग ने बैंक ब्याज की जानकारी पहले रिटर्न में नहीं देने के लिए धारा 270- के तहत 3.08 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया। यह जुर्माना टैक्स की रकम का 200 फीसदी था। ट्रिब्यूनल ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग के नोटिस में यह साफ नहीं बताया गया था कि टैक्सपेयर ने धारा 270-(9) के किस प्रावधान का उल्लंघन किया है। ट्रिब्यूनल ने इस मामले में दिल्ली हाई से जुड़े फैसले का भी हवाला दिया।

दैनिक विश्वमित्र विशेष

वैश्विक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



मुंबई, 22 नवंबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह दिग्गज कंपनियों में लिवाली के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी और प्रमुख सूचकांकों में तेजी जारी रहने की उम्मीद है। गत सप्ताह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लिवाली के दम पर बाजार में जबरदस्त तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,327.26 अंक (2.85 प्रतिशत) चढ़कर 83,919.71 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 656.30 अंक यानी 2.61 प्रतिशत ऊपर 25,800.60 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का नौ महीने से अधिक का उच्चतम स्तर है। दिग्गज कंपनियों में जहां लिवाली रही, वहीं वृहत बाजार में निवेशकों की रुचि ज्यादा नहीं रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.05 प्रतिशत का मामूली वृद्धि देखी गई जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.08 प्रतिशत टूट गया। अमेरिका में फेडरल रिजर्व के एक बार फिर ब्याज दर बढ़ाने की आशंका में विदेशों में शेयर बाजारों में जहां गिरावट है, वहीं निवेशक भारतीय शेयर बाजार का रुख कर रहे हैं। इसमें एआई कंपनियों से इतर निवेश की उनकी सोच भी एक कारक है। घरेलू स्तर पर निफ्टी मेटल सूचकांक बीते सप्ताह तीन प्रतिशत और निफ्टी आईटी सूचकांक 1.9 प्रतिशत टूट गया। वहीं, बैंकिंग में करीब छह प्रतिशत की तेजी देखी गई। सीमेंट सेक्टर का सूचकांक 4.2 प्रतिशत, एफएमसीजी का 3.6 और ऑटो का 3.1 प्रतिशत चढ़ा। वित्त समूह में 2.9 फीसदी, तेल एवं गैस में दो फीसदी, रियल्टी में 1.9 फीसदी और स्वास्थ्य समूह में 1.4 फीसदी की साप्ताहिक तेजी रही। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर साप्ताहिक बढ़त में बंद हुए। मारुति सुजुकी का शेयर सबसे अधिक 8.64 प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक में 8.60 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक में 7.82, अल्ट्राटेक सीमेंट में 6.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6.16, कोटक महिंद्रा बैंक में 5.82, एचडीएफसी बैंक में 5.25 और आईटीसी में 5.19 प्रतिशत की तेजी रही। पावरग्रिड का शेयर 4.21 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक का 3.60, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 3.48, ट्रेंट का 2.92, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.65, भारती एयरटेल का 2.33 और एशियन पेंट्स का 2.17 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.68 फीसदी, एलएंडटी का 1.50, एनटीपीसी का 0.63, अडानी पोर्ट्स का 0.48, बजाज फाइनेंस का 0.43, सन फार्मा का 0.22 और बीईएल का 0.01 प्रतिशत ऊपर रहा। टाइटन में 4.96 प्रतिशत, टाटा स्टील में 4.95 प्रतिशत इंफोसिस में 3.82 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.88 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। टीसीएस का शेयर 1.45 फीसदी, टेक महिंद्रा का 1.33, इंडिगो का 0.35 और इटरनल का 0.14 प्रतिशत टूट गया।

हीरे का भाव

कोलकाता, 22 नवम्बर (वा.सं.)। शीतल बामलवा (GIA ग्रेजुएट) द्वारा संग्रहीत certified गोल हीरे की कीमत सांकेतिक तथा सैकड़ा रुपयों में है। फैंसी हीरे की कीमत गोल हीरों से कम होती है। कीमतें certified इंस्टीच्यूट की साख, कट, क्लैरिटी, फ्लोरोसेंस, कलर टींज एवं उपलब्धता के आधार पर बदलती रहती है। इस सप्ताह के भाव इस प्रकार हैं :-

Round Shape Diamond Solitaire				
Shape	Round	1 carat	Round	Round
Clarity->	VVS2	VS1	VS2	SI1
Color	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA
I	1.91 - 2.29	1.77 - 2.12	1.63 - 1.95	1.44 - 1.73
J	1.53 - 1.84	1.44 - 1.73	1.35 - 1.62	1.21 - 1.45
K	1.35 - 1.62	1.25 - 1.51	1.16 - 1.39	1.07 - 1.28
L	1.16 - 1.39	1.07 - 1.28	0.98 - 1.17	0.88 - 1.06
Shape	Round	1.5 carat	Round	Round
Clarity->	VVS2	VS1	VS2	SI1
Color	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA
I	3.21 - 3.85	3.02 - 3.63	2.79 - 3.35	2.46 - 2.96
J	2.70 - 3.24	2.51 - 3.01	2.32 - 2.79	2.14 - 2.57
K	2.23 - 2.68	2.09 - 2.51	1.95 - 2.34	1.77 - 2.12
L	1.91 - 2.29	1.77 - 2.12	1.67 - 2.01	1.53 - 1.84
Shape	Round	2 carat	Round	Round
Clarity->	VVS2	VS1	VS2	SI1
Color	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA
I	5.11 - 6.14	4.65 - 5.58	4.32 - 5.19	4.00 - 4.80
J	4.23 - 5.08	3.90 - 4.69	3.53 - 4.24	3.21 - 3.85
K	3.53 - 4.24	3.25 - 3.90	2.93 - 3.51	2.65 - 3.18
L	3.07 - 3.68	2.84 - 3.40	2.51 - 3.01	2.32 - 2.79
	...www.sheetalbamalwa.com...			
Shape	Round	3 carat	Round	Round
Clarity->	VVS2	VS1	VS2	SI1
Color	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA
I	8.83 - 10.60	8.13 - 9.76	7.44 - 8.92	6.51 - 7.81
J	6.97 - 8.37	6.51 - 7.81	6.04 - 7.25	5.58 - 6.69
K	5.81 - 6.97	5.58 - 6.69	5.11 - 6.14	4.79 - 5.74
L	4.97 - 5.97	4.79 - 5.74	4.42 - 5.30	4.18 - 5.02
Shape	Round	4 carat	Round	Round
Clarity->	VVS2	VS1	VS2	SI1
Color	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA
I	11.39 - 13.67	10.69 - 12.83	9.76 - 11.71	8.83 - 10.60
J	9.06 - 10.88	8.60 - 10.32	7.90 - 9.48	7.20 - 8.65
K	7.44 - 8.92	6.97 - 8.37	6.51 - 7.81	6.04 - 7.25
L	6.04 - 7.25	5.58 - 6.69	5.35 - 6.41	4.88 - 5.86
Shape	Round	5 carat	Round	Round
Clarity->	VVS2	VS1	VS2	SI1
Color	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA	IGI/GIA
I	14.64 - 17.57	13.48 - 16.18	11.85 - 14.22	10.46 - 12.55
J	11.16 - 13.39	10.23 - 12.27	9.53 - 11.43	9.06 - 10.88
K	9.06 - 10.88	8.37 - 10.04	7.90 - 9.48	7.67 - 9.20
L	7.20 - 8.65	6.97 - 8.37	6.51 - 7.81	6.27 - 7.53

खबरें पास-पड़ोस की

महानगर में सनातन संस्कृति महोत्सव, सप्तर्षि ज्ञान महायज्ञ सम्मेलन 10-11 दिसंबर को



कोलकाता, 22 नवंबर (नि.प्र.)। श्री श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा संस्थान (कल्याणी) और सनातनी स्वास्थ्य सेना के संयुक्त तत्वावधान में 10 एवं 11 दिसंबर 2026 को विवेकानंद हॉल, रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर, गोलपार्क, कोलकाता में सनातन संस्कृति महोत्सव - सप्तर्षि ज्ञान महायज्ञ सम्मेलन का विराट आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आज प्रेस क्लब, कोलकाता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के अध्यक्ष डा.अशोक पोद्दार और डा.पी.के.हाजरा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस सुप्रसिद्ध चिकित्सक और सनातनी स्वास्थ्य सेना के अध्यक्ष डा.पी.के.हाजरा नें बताया कि यह महोत्सव भारत के सप्तर्षियों कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भारद्वाज के ज्ञान, तपस्या और परंपरा को समर्पित है। सुप्रसिद्ध समाजसेवी सनातनी योद्धा डा. बिट्ठल मूंदड़ा ने बताया कि साथ इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन की जीवन चर्चा (18 गोत्र) पर भी विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के चेयरमैन डॉ. अशोक पोद्दार (पोद्दार सेवा ट्रस्ट) ने कहा, आज की पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना ही इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है। सनातन संस्कृति ही भारत की आत्मा है। हमें अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए संगठित होना चाहिए._आयोजन समिति के संयोजक विवेक शुक्ला ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव में देशभर से संत, महात्मा, विद्वान और संस्कृति प्रेमी भाग लेंगे। कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक रहेगा।

भँवरलाल मल्लावत सेवा केन्द्र में दीपावली प्रीति सम्मेलन



कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। भंवरलाल मल्लावत सेवा केंद्र में दीपावली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी रामगोपाल सूंघा ने कहा कि अस्वस्थता एक बहुत बड़ा अभिशाप है। लोगों के जीवन की स्वास्थ्य समस्याओं के निदान करने से बड़ा कोई उद्देश्य नहीं होता। पीड़ित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होनें उपस्थित सदस्यों एवं सहयोगियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय संस्कृति में तीज-त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र के विशिष्ट सहयोगी डॉ विजय हरभजनका अपनी शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद जिस प्रकार से सेवा में लगे हुए हैं, वह सभी के लिए प्रेरणादायी और अनुकरणीय है। इस अवसर पर डॉ विजय हरभजनका, डॉ प्रदीप अग्रवाल, डॉ सुरेश गुप्ता एवं डॉ सुनीता राठी ने भी अपने विचार साझा किये। संयोजक अरुण प्रकाश मल्लावत ने उपस्थित लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर केंद्र के संचालन में सहयोगी एवं अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे जिनमें डॉ. सरिता जायसवाल, डॉ. गीता सिन्हा, लिपिका लुनिया, बिनय कुँवर, दीपक कछवा, अनीता अग्रवाल, विकाश हरभजनका प्रभृति मुख्य रहे।

मुनिश्री ने बताई चातुर्मास की सार्थकता

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। जैन धर्म की परम्परा अनुसार श्री वर्द्धमान जैन संघ में मुनि रविन्द्र विजय महाराज, मुनि महेन्द्र विजय महाराज के सानिध्य में चातुर्मास में मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए कृतज्ञता ज्ञापन समारोह का आयोजन किया गया। जैन धर्म में आचार्य, मुनि, साधु-साध्वियाँ



एक स्थान पर रहकर साधना, तप और धर्मोपदेश देने के बाद आगामी विहार (पदयात्रा) के लिए प्रस्थान करते हैं। मुनि रविन्द्र विजय महाराज ने अपने आशीर्वचन में सभी श्रावक - श्राविकाओं के जीवन में सुख, शान्ति की शुभकामना दी। मुनि रविन्द्र विजय महाराज ने कहा साधना - आराधना, तप, उपदेशों का जीवन में अनुसरण करना चातुर्मास की सार्थकता है। श्री वर्धमान जैन संघ के ट्रस्टी कमल सिंह रामपुरिया, विजय चन्द बैद, रतनचंद बांगानी, मुल्तान चन्द सुराणा, महेन्द्र सुराणा, दिलीप दुगड़, विनीत रामपुरिया, नरेन्द्र बांठिया, एस मिलाप चन्द एवं चातुर्मास प्रबंध समिति के संयोजक माणकचन्द सेठिया, शान्तिलाल रामपुरिया, मोहनलाल कोचर, देवेन्द्र कोचर ने मार्गदर्शन के लिये कृतज्ञता ज्ञापित की।

ट्रेनों का नियमन

कोलकाता, 22 नवंबर (नि.प्र.)। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 23.11.2026 से 29.11.2026 तक 'रोलिंग ब्लॉक' कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के परिचालन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं: 68046/68045 आसनसोल - आद्रा - आसनसोल मेमू (चएचण) पैसेंजर ट्रेन (23.11.2026 से 29.11.2026 तक शुरू होने वाली यात्राएं)। 63594/63593 आसनसोल - पुरुलिया - आसनसोल मेमू पैसेंजर (24.11.2026, 27.11.2026 और 29.11.2026 को शुरू होने वाली यात्रा) इसके अलावा कई ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन होगा।

मनुष्य के लिए निष्ठा सबसे जरूरी : मोरारी बापू

दक्षिणेश्वर में बापू की कथा में उमड़े श्रद्धालु



कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। मोरारी बापू भारत स्वास्तिक यात्रा के दौरान कोलकाता पहुंचे जहां उन्होंने दक्षिणेश्वर काली मंदिर के समीप रेलवे ग्राउंड में अपने विचार रखे। बापू ये कथा दो हिस्सों में कर रहे हैं और आज वे कथा के लिए जगन्नाथ पुरी रवाना हुए। स्वास्तिक यात्रा की शुरुआत कन्याकुमारी में हुई थी। बापू ने कहा कि शरीर तो चलता रहता है, पर मन मजबूत होना चाहिए, और इसमें निष्ठा सबसे जरूरी है। उन्होंने 8 निष्ठा बतायी: सत्य निष्ठा, गुरु निष्ठा, मंत्र निष्ठा, इष्ट निष्ठा, ग्रंथ निष्ठा, भक्ति निष्ठा, ध्यान निष्ठा और ज्ञान निष्ठा। फिर रामकृष्ण परम्परा की बात बतायी। उन्होंने कहा रामकृष्ण देव ठाकुर ज्ञान के प्रतीक हैं, माँ शारदा भक्ति का स्वरूप, स्वामी विवेकानन्द कर्म के प्रतीक और माँ काली शक्ति का स्वरूप। सबका मिलन-बिन्दु में माँ गंगा है। उन्होंने कहा कि वह इनमें से कुछ भी हो सकती हैं। गुजरात में उन्हें मां कल्याणी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जैसे राजकुमार का तिलक कर दो तो पूरा राज्य उसका हो जाता है, वैसे ही जब एक पुरुष स्त्री की मांग में सिन्दूर भरता है तो वह स्त्री उसकी हो जाती है। फिर उन्होंने स्वभाव के बारे में बात की, यह तीन प्रकार की होती है, व्यंग, डर और लोभ। बापू की कथा में लोग गुजरात से भी आए थे और वे अनेक शहरों में इन सभी कथाओं का पालन करने के लिए ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं। कुछ लोग लंदन और विभिन्न स्थानों से आए थे। वे सभी उनके पढ़ाने के तरीके और जीवन के बारे में उनके व्यावहारिक होने की प्रशंसा करते हैं। बापू के अनन्य शिष्य अरुण सराफ कार्यक्रम की व्यवस्था पर पूरी नजर बनाये हुए थे।

एनएफआर में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान शिविर



मालीगांव, 22 नवंबर (नि.प्र.)। भारत सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) तथा रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) 1 से 30 नवंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान 5.0 को सक्रिय रूप से संचालित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल तकनीक के माध्यम से रेलवे पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है, ताकि विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और चलने-फिरने में कठिनाई महसूस करने वाले लोगों को सुविधाजनक और परेशानी मुक्त सेवाएँ मिल सकें। इस अभियान के तहत, एनएफआर के विभिन्न स्थानों पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किए गए। इनमें मालीगांव मुख्यालय और निर्माण कार्यालय परिसर, रंगिया, डिब्रूगढ़ कारखाना, एनएफआर पेंशनभोगी संघ कार्यालय, न्यू जलपाईगुड़ी, तिनसुकिया, सिलीगुड़ी जंक्शन, फरकाटिंग जंक्शन, न्यू बंगाईगांव, जयमति नगर, मालबाजार स्वास्थ्य इकाई, न्यू गुवाहाटी, रंगापाड़ा नॉर्थ, कार्सियांग रेलवे स्टेशन, मालदा टाउन लोको शेड, फकिराग्राम जंक्शन और बुनियादपुर शामिल हैं।

गुरु नानक जयंती पर मेट्रो की ब्लू लाइन में अतिरिक्त सेवाएं

कोलकाता, 22 नवंबर (नि.प्र.)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, मेट्रो रेल अधिकारियों ने 23 और 24 नवंबर दोनों दिन ब्लू लाइन पर निर्धारित समय के बाद दो अतिरिक्त मेट्रो ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, 24 नवंबर को गुरु नानक जयंती के अवसर पर विभिन्न लाइनों पर मेट्रो ट्रेनों की संख्या में भी कुछ



बदलाव किए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार, अंतिम मेट्रो सेवा आमतौर पर रात 10:30 बजे होती है। हालांकि, सोमवार, 23 नवंबर और मंगलवार, 24 नवंबर की रात को मेट्रो ट्रेनों की एक अतिरिक्त जोड़ी चलाई जाएगी। ये मेट्रो ट्रेनें शहीद खुदीराम और दमदम स्टेशनों से रात 10:50 बजे रवाना होंगी। गुरु नानक जयंती के दिन ब्लू लाइन पर कुल 254 मेट्रो ट्रेनें चलेंगी। इनमें से 127 अप और 127 डाउन ट्रेनें हैं। रात में चलने वाली मेट्रो ट्रेनों का एक अतिरिक्त जोड़ा भी इसमें शामिल है। हालांकि, पहली मेट्रो ट्रेन के प्रस्थान समय में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। इस बीच, उस दिन ग्रीन लाइन पर कुल 212 मेट्रो सेवाएं संचालित की जाएंगी। इनमें से 106 अप और 106 डाउन मेट्रो हैं। पहली और आखिरी मेट्रो के प्रस्थान समय में कोई बदलाव नहीं होगा। येलो लाइन पर कुल 92 मेट्रो सेवाएं संचालित की जाएंगी। इनमें से 46 अप और 46 डाउन सेवाएं हैं। इस लाइन पर भी पहली और आखिरी मेट्रो के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मेट्रो रेल की अधिसूचना के अनुसार, 24 नवंबर को पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर सामान्य सेवाएं जारी रहेंगी। यानी, इन दोनों लाइनों में कोई विशेष बदलाव नहीं किया जा रहा है। मेट्रो रेल अधिकारियों ने कहा कि यह कदम त्योहार के दिन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।



श्री श्याम मंदिर आलमबाजार में आयोजित श्री श्याम जन्मोत्सव में पूर्व विधायक दिनेश बजाज, संतोष सराफ, भोला प्रसाद सोनकर, गौरव झुनझुनवाला का स्वागत करते हुए गोविंद मुरारी अग्रवाल।

परिवेश बंधु सम्मान 28 नवम्बर को



कोलकाता, 22 नवंबर (नि.प्र.)। दुर्गा पूजा को और अधिक स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में काम कर रहे संगठनों और पूजा समितियों को सम्मानित करने के लिए परिवेश बंधु सम्मान 2026 का आयोजन किया जा रहा है।यह आयोजन आगामी 28 नवंबर को नेशनल लाइब्रेरी में दिया जायेगा। यह जानकारी आयोजन प्रमुख मायापति खेमका ने दी। 45 मुख्य रूप से चुने हुए पंडालों को यह सम्मान विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दिया जायेगा। यह पहल मन्त्रा फाउंडेशन, CWBTA और MASA द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य पूरे पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा के दौरान पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सतत प्रथाओं को बढ़ावा देना है। आयोजक मायापति खेमका के अनुसार, इस बार दुर्गा पूजा में कई पूजा समितियों ने प्लास्टिक के कम इस्तेमाल, इको-फ्रेंडली मूर्ति, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, विसर्जन में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। आयोजन समिति की राष्ट्रीय सचिव प्रज्ञा झुनझुनवाला ने इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की है।उन्होंने कहा कि परिवेश बंधु सम्मान सिर्फ एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि यह एक संदेश है कि भक्ति और पर्यावरण एक साथ चल सकते हैं। अगर पूजा में ही हम प्रकृति की रक्षा का संकल्प ले लें, तो पूरा समाज हरित और स्वच्छ बनेगा।आयोजकों को उम्मीद है कि मीडिया के सहयोग से स्वच्छ, हरित और सतत दुर्गा पूजा का संदेश पूरे बंगाल में फैलेगा और आने वाले वर्षों में और अधिक पूजा समितियां इस मुहिम से जुड़ेंगी।प्रेस कॉन्फ्रेंस में शैलेश गोयनका और प्रीती गोयनका सहित सम्मान समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

आरपीएफ ने मादक पदार्थों की तस्करी का किया भंडाफोड़

कोलकाता, 22 नवंबर (नि.प्र.)। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व रेलवे ने 20 नवंबर, 2026 को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री गीतिका पाण्डेय के शून्य-सहिष्णुता संबंधी दिशा-निर्देशों तथा पूर्व रेलवे के महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री अमिय नंदन सिन्हा के पर्यवेक्षण में संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 32 किलो 190 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत 16,09,500 है। 20 नवंबर, 2026 को सुबह लगभग 08:00 बजे जमालपुर की अपराध खुफिया शाखा की टीम को सुल्तानगंज स्टेशन के रास्ते गांजा तस्करी किए जाने की गोपनीय सूचना मिली। इस सूचना से आरपीएफ, जमालपुर के सहायक सुरक्षा आयुक्त श्री अजय कुमार को अवगत कराया गया। मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री मनीष कुमार गुप्ता के प्रशासनिक सहयोग से सीआईबी/जमालपुर और ड्यूटी पर तैनात जीआरपी कर्मियों की एक विशेष संयुक्त टीम ने स्टेशन पर तलाशी अभियान शुरू किया।

विश्व समाचार

हुआंग की चीनी गर्लफ्रेंड के दोस्त ने चिप तस्करी की



बीजिंग, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेनसन हुआंग की गर्लफ्रेंड एलिस हुआंग का कारोबारी दोस्त ली मिंग चीन को प्रतिबंधित एआई चिप्स पहुंचा रहा था। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, वह एनवीडिया के चिप्स लगे कंप्यूटर सर्वर पहले मलेशिया भेजता था। इस काम में ली मिंग अकेला नहीं था। वह एलिस हुआंग और उनके पति कांग वेई के साथ मिलकर कई देशों में कंपनियां चला रहा था। इन कंपनियों के जरिए चीन की कंपनियों को एडवांस चिप्स मुहैया कराने का रास्ता बनाया गया था। वहीं, कांग वेई चीन में बड़े डेटा सेंटर बना रहे थे। 2021 से 2024 के बीच उनके नेटवर्क से जुड़े डेटा सेंटर प्रोजेक्ट में 9 अरब डॉलर (करीब 83 हजार करोड़ रुपए) लगाने की योजना थी। यानी एलिस चिप्स हासिल करने के नेटवर्क से जुड़ी थीं, उनके पति चीन में डेटा सेंटर बना रहे थे और ली मिंग दोनों के बीच कड़ी का काम कर रहा था। एनवीडिया के जेन्सन हुआंग के साथ एलिस हुआंग। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि एलिस चीनी जासूस है। 52 साल के चीनी कारोबारी ली मिंग पर सिंगापुर में धोखाधड़ी का केस चल रहा है। फरवरी 2025 में दर्ज इस केस में उस पर एनवीडिया की चिप्स वाले कंप्यूटर सर्वर को गलत तरीके से दूसरे देशों में भेजने का आरोप है। फिलहाल वह सिंगापुर में जमानत पर बाहर है। सिंगापुर के सरकारी वकीलों के मुताबिक, ली ने अमेरिकी कंपनियों से एनवीडिया की चिप्स वाले सर्वर खरीदे थे। उसने इन कंपनियों को बताया कि सर्वर का इस्तेमाल सिंगापुर में उसकी कंपनी लक्सुरिएट योर लाइफ के लिए किया जाएगा।

नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने को तैयार आइजनकोट



तेल अवीव, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। इजराइल में नई सरकार बनाने के लिए याशार पार्टी के प्रमुख गादी आइजनकोट ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पार्टी लिकुड को बुलाया है। दोनों पार्टियों के बीच रविवार को गठबंधन सरकार बनाने को लेकर बातचीत होगी। आइजनकोट ने साफ किया है कि नई सरकार बनने पर प्रधानमंत्री वह खुद बनेंगे। इसके एक हफ्ते पहले नेतन्याहू ने आइजनकोट से अपील की थी कि मिलकर सरकार बनाते हैं। लेकिन आइजनकोट ने कहा था कि नेतन्याहू चुनाव हार चुके हैं। उनकी चाल में नहीं फंसूंगा। 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में नेतन्याहू की पार्टी ने बहुमत गंवा दिया था। इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए 61 सीट चाहिए। नेतन्याहू के गठबंधन को 53 और आइजनकोट के गठबंधन को 48 सीटें मिलीं। आइजनकोट को 19 सीटों वाले अरब पार्टियों ने समर्थन दिया। इसके बाद राष्ट्रपति ने आइजनकोट को सरकार बनाने का पहला मौका दिया है।

ब्रिटिश तैराक ने 3 दिन तक होर्मुज में तैराकी की



ब्रिटेन, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के मशहूर तैराक लुईस प्यू ने जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में तीन दिनों तक तैराकी की। उन्होंने इस दौरान करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान उन्होंने तेल टैंकर और दूसरे व्यापारिक जहाजों पर हमले होते देखे। एक हमले के दौरान जहाज से करीब 4 किलोमीटर दूर समुद्र में मौजूद थे। 56 साल के प्यू संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के समुद्रों के संरक्षण से जुड़े विशेष प्रतिनिधि हैं। उन्होंने यह तैराकी जंग के कारण समुद्री जीवों और पर्यावरण को हो रहे नुकसान की ओर दुनिया का ध्यान खींचने के लिए की। प्यू का कहना है कि जंग खत्म होने के बाद भी तेल और केमिकल से होने वाला प्रदूषण समुद्र को कई दशकों तक नुकसान पहुंचा सकता है। इससे डॉल्फिन, समुद्री कछुए और दूसरे जीवों के साथ मूंगे की चट्टानों और मैंग्रोव के जंगलों को भी खतरा है। प्यू ने ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप से तैराकी शुरू की और होर्मुज केप तक पहुंचे। उन्होंने यह दूरी एक बार में पूरी नहीं की, बल्कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तीन दिनों में अलग-अलग हिस्सों में तैराकी की। इस दौरान वह कुल साढ़े 6 घंटे पानी में रहे।

बांग्लादेश में हिंसा के बीच 100 आईआईडी बम मिले



ढाका, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने छापेमारी कर 100 से ज्यादा आईईडी बम, 2 बंदूकें और 254 कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में 2 ऑटो रिक्शा चालकों को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, हथियार और विस्फोटक म्यांमार से तस्करी कर लाए गए थे। आशंका है कि इनका इस्तेमाल बांग्लादेश में किसी बड़ी हिंसक घटना को अंजाम देने के लिए किया जाना था। हालांकि, जांच एजेंसी को अभी यह पता नहीं चला है कि संभावित हमले का निशाना कौन था। कल रात हथियारों की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद कॉक्स बाजार में चेकपोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान बम बनाने का सामान भी मिला। सुरक्षाबलों ने 2 ऑटो रिक्शा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। माना जा रहा है कि इनका इस्तेमाल हथियारों और विस्फोटकों की ढुलाई में किया गया था। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद इब्राहिम और मेहदी हसन के रूप में हुई है। इब्राहिम टेकनाफ के लेंगुरबिल इलाके का रहने वाला है, जबकि मेहदी हसन नतुन पल्लानपारा में रहता है। दोनों ऑटो रिक्शा चालक हैं।

अमेरिका में 20 महीनों में 6 हजार भारतीय गिरफ्तार

न्यूयॉर्क, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इमिग्रेशन कार्रवाई का असर भारतीयों पर पड़ रहा है। अमेरिकन कम्युनिटी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2025 से अगस्त 2026 के बीच आइस (यू.एस. इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) ने 6111 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। अमेरिका में भारतीयों की गिरफ्तारी का ये रिकॉर्ड है। जबकि 5235 को डिपोर्टेशन सेंटर में रखा गया और 2349 को डिपोर्ट किया गया। संस्था स्टॉप एएपीआई हेट का कहना है कि आइस एजेंसी ने नवंबर के मिडटर्म चुनाव से पहले छापों की कार्रवाई तेज की थी। लेकिन अभी धरपकड़ के नए आंकड़े सामने नहीं आए हैं। संस्था ने दावा किया कि एशिया-प्रशांत समूह में भारतीयों की गिरफ्तारी, हिरासत और डिपोर्ट सबसे ज्यादा हुए। आइस ने हिस्पैनिक और अश्वेत मूल के लोगों पर दक्षिणी राज्यों में कार्रवाई की। कैलिफोर्निया की 60 साल की भारतीय मूल की रेस्टोरेंट संचालक बबली (बदला हुआ नाम) को हिरासत में लिया गया। उन्हें ग्रीन कार्ड आवेदन से जुड़ी बायोमेट्रिक्स प्रक्रिया के लिए इमिग्रेशन ऑफिस में बुलाया।



नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित फोरम ऑफ दुर्गोत्सव द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखर्जी एवं अन्य। विश्वमित्र

बांग्लादेश अभी भी 1972 के घाव से जूझ रहा है : शमिक



कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। भारत का विभाजन भाषा के आधार पर नहीं, बल्कि धर्म के आधार पर हुआ था। वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों, यानी हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और वे अपनी जान गंवा रहे हैं। बांग्लादेश अभी भी 1972 के घावों से जूझ रहा है। हाल ही में बांग्लादेश में व्याप्त अशांत स्थिति के संबंध में भाजपा के राज्य अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य का यही मत है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया, ''बांग्लादेश में हमारे भाई खून बहा रहे हैं। बंगाली हिंदू होने के नाते, मैं कह रहा हूं कि हमें सड़कों पर उतरना होगा।'' शमिक ने आगे कहा कि अगर नेताजी प्रधानमंत्री होते, तो वे दो-राष्ट्र सिद्धांत के आधार पर भारत-बांग्लादेश-पाकिस्तान के गठन की अनुमति नहीं देते।

सत्ता से बेदखल होने के दो साल बाद शेख हसीना देश लौटने के लिए बेताब हैं। दिसंबर में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर उनकी वापसी तय है। और इसी वजह से बांग्लादेश में अशांत माहौल बना हुआ है। प्रतिबंधित अवामी लीग लगातार गुप्त हमले कर रही है। इसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन भी सख्ती बरत रहा है। हसीना के संसदीय क्षेत्र गोपालगंज और हिंदू बहुल क्षेत्र नैरेल में दोनों पक्षों के बीच झड़पों में बीएनपी नेताओं के घरों को आग लगा दी गई है। इनमें जानमाल का नुकसान भी हुआ है। अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। सत्ताधारी बीएनपी ने हसीना और अवामी लीग को रोकने के लिए विपक्षी पार्टी जमात के साथ हाथ मिला लिया है। इस स्थिति में तारिक रहमान सरकार का आरोप है कि हसीना के आश्रय दिल्ली में इस अशांति का हाथ है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है।

शमिक ने कहा, बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न और अशांति के बारे में विदेश मंत्रालय जो भी कहे, वह विदेश मंत्रालय का काम है। लेकिन एक हिंदू बंगाली होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि बांग्लादेश भारत की देन है। अंग्रेजों ने इंदिरा गांधी और जवाहरलाल नेहरू को गलत ठहराकर इस देश को विभाजित किया।

5 लाख 73 हजार किसानों के लिए मुआवजे की घोषणा



कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। चक्रवात अकवान के कारण बंगाल में भीषण आपदा आई है। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर लगातार बारिश के कारण धान के खेत कमर तक पानी में डूब गए हैं, रुके हुए पानी में सब्जियां सड़ गई हैं और तिल से बने पान के पत्ते नष्ट हो गए हैं। इस स्थिति में राज्य सरकार असहाय किसानों की मदद के लिए आगे आई है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने 5 लाख 73 हजार किसानों के लिए मुआवजे के तौर पर आर्थिक सहायता की घोषणा की है। उन्होंने आश्वासन दिया है, ''यह राशि दो दिनों के भीतर किसानों के खातों में जमा कर दी जाएगी।'' इसके साथ ही सिंचाई विभाग की मदद से सोमवार से खेतों से जमा पानी निकालने का काम भी शुरू हो जाएगा। सरकारी पहल पर संबंधित जिले के बीडीओ की देखरेख में अगले 48 घंटों के भीतर खेतों से पानी निकालने का काम पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसके लिए किसानों को कोई कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा, ''सिंचाई वाले क्षेत्रों में प्रति हेक्टेयर 17,000 रुपया का मुआवजा दिया जाएगा। 1 कट्ठा भूमि के मालिकों को कम से कम 2,000 रुपया भी मिलेंगे। वर्षा आधारित क्षेत्रों में प्रति हेक्टेयर 8,500 रुपया दिए जाएंगे। इस मामले में भी, 1 कट्ठा भूमि के मालिकों को कम से कम 1,000 रुपया मिलेंगे। बारहमासी फसलों के मामले में, सरकार प्रति हेक्टेयर 22,500 रुपया प्रदान करेगी। रबी, खरीफ, अमन, बोरो चावल किसानों के अलावा, कृषि या बागवानी भूमि वाले किसानों को कम से कम 2,500 रुपया का मुआवजा मिलेगा।'' आज नबान्न सभागार से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने प्रभावित किसानों के प्रति समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, ''धान की कटाई के समय हुई इस बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। धान के साथ-साथ पान, फूल, आलू, सब्जियां, केले और पपीते सहित कई फलों के बाग भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।'' सरकार द्वारा जारी प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्षतिग्रस्त भूमि का कुल क्षेत्रफल 1 लाख 60 हजार हेक्टेयर है। जिन जिलों में कृषि को आंशिक नुकसान हुआ है, वे हैं - हुगली, हावड़ा, पूर्वी बर्दवान, बांकुरा, दक्षिण और उत्तर 24 परगना, झाड़ग्राम, पुरुलिया और पूर्वी मेदिनीपुर। इसी दिन मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से 5 लाख 73 हजार किराना विक्रेताओं के लिए मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने कहा, ''सिंचाई वाले क्षेत्रों में प्रति हेक्टेयर 17,000 रुपया का मुआवजा दिया जाएगा। 1 कट्ठा भूमि के मालिकों को कम से कम 2,000 रुपया भी मिलेंगे। वर्षा आधारित क्षेत्रों में प्रति हेक्टेयर 8,500 रुपया दिए जाएंगे। इस मामले में भी, 1 कट्ठा भूमि के मालिकों को कम से कम 1,000 रुपया मिलेंगे। बारहमासी फसलों के मामले में, सरकार प्रति हेक्टेयर 22,500 रुपया प्रदान करेगी। रबी, खरीफ, अमन, बोरो चावल किसानों के अलावा, कृषि या बागवानी भूमि वाले किसानों को कम से कम 2,500 रुपया का मुआवजा मिलेगा।''

सरकार कुल 205 करोड़ रुपये का मुआवजा देगी और सरकारी कोष से 48,000 किसानों को नई खेती के लिए 5 करोड़ रुपया के बीज वितरित किए जाएंगे। शुभेंदु ने यह भी बताया, ''दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनीपुर में 385 हेक्टेयर धान के खेत प्रभावित हुए हैं। धान के खेतों में प्रभावित किसानों की संख्या 9,240 है। किसानों को धान के खेत की प्रत्येक इकाई के लिए 2,500 रुपया मिलेंगे। राज्य सरकार ने 2.31 करोड़ रुपया आवंटित किए हैं।'' दूसरी ओर, मालदा के ग़ज़ल, हबीबपुर और बामनगोला के तीन ब्लॉकों में 11 नवंबर को हुई ओलावृष्टि से प्रभावित 19,000 किसानों को सरकार द्वारा 8.12 करोड़ रुपया की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

पोद्दार छात्र निवास एलुमनी एसोसिएशन का दीपावली प्रीति सम्मेलन



कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। पोद्दार छात्र निवास एल्यूमनी एसोसियेशन की ओर से आज न्यू टाउन के बसेरा बैंकेट्स में दीपावली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके अलावा नृत्य व विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रावास के वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा किया गया । एवं पोद्दार हॉस्टल के एक्स बॉर्डर्स के परिवार की ओर से भी कल्चरल परफॉर्मेंस दिये गये समारोह में वक्तव्य रखते हुए वर्तमान अध्यक्ष श्री मनोहर अग्रवाल ने बताया कि पोद्दार छात्र निवास एल्यूमनी एसोसियेशन की स्थापना 2016 में हुई। जबकि छात्रावास की स्थापना वर्ष 1935 में की गई थी। दिवाली पर यह हमारा 10 व कार्यक्रम हैं। होली पर भी हम हर वर्ष छात्रावास में कार्यक्रम करते हैं। पूरी दुनिया में एल्यूमनी के करीब 1700 सदस्य हैं, जिनके बीच बांडिंग हेतु एल्यूमनी की स्थापना की गई थी, जो कि काफी सफलीभूत हुई हैं । इससे जुड़े लोग काफी उच्च पदों पर कार्यरत हैं, एवं पोद्दार छात्र निवास से जुड़े होने के कारण आपस में काफ़ी मददगार साबित होते हैं, जो कि सम्मान की बात है। पोद्दार छात्र निवास एल्यूमनी एसोसियेशन के पूर्व श्री अध्यक्ष बी एल बच्छावतजी ने यह भी बताया कि हमारी देश भर सभी के मेट्रो शहरों में शाखाएं हैं एवं यहां तक कि दुबई, लंदन, अमेरिका में भी है। पोद्दार छात्र निवास एल्यूमनी एसोसियेशन ने ही अपने प्रयासों से पूरे छात्रावास भवन का पुनरुद्धार किया। संपूर्ण छात्रावास में एयर कंडीशनर लगाने की व्यवस्था की है एक-दूसरे से मिलते हैं तो काफी खुशी होती है। आपस में मेल-मिलाप बढ़ाने हेतु दीपावली प्रीति सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समारोह में गोपाल झुनझुनवाला, अनिल पोद्दार, आनंद प्रकाश, राजेश सिंघानिया, मयूर अग्रवाल, वरिष्ठ मेम्बर, गोविंद दोदराजका की मौजूदगी उल्लेखनीय थी।

मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अंशों के दर्शन

श्री श्री अकादमी, चेतला में उमड़े 1,000 भक्त



कोलकाता, 22 नवंबर (नि.प्र.)। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पवित्र अंशों के दुर्लभ और दिव्य दर्शन के लिए शनिवार को कोलकाता के चेतला स्थित श्री श्री अकादमी में लगभग 1,000 श्रद्धालु एकत्रित हुए। मान्यता है कि ये पावन अंश लगभग एक हजार वर्षों तक गुप्त अवस्था में रहे।

प्राचीन वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। यह विशेष सामूहिक पूजा वैश्विक आध्यात्मिक गुरु एवं मानवतावादी नेता गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में संचालित एक अनूठी आध्यात्मिक पहल का हिस्सा थी। इस पहल के अंतर्गत 15 से 30 नवंबर तक पश्चिम बंगाल के 18 स्थानों पर इन पावन अंशों के दर्शन और सामूहिक पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राजनीति, सिनेमा, खेल और आध्यात्मिक जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वपन दासगुप्ता; भारतीय फिल्म अभिनेत्री, निर्माता एवं पूर्व सांसद नुसरत जहां; अभिनेता एवं निर्माता यश दासगुप्ता; विधायक श्री शंकर सिकदर; तथा रामकृष्ण मठ के वरिष्ठ संन्यासी एवं वक्ता स्वामी वेदस्वरूपानंद शामिल थे। समारोह के अपने अनुभव को साझा करते हुए पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वपन दासगुप्ता ने कहा, ''यह सचमुच भावविभोर कर देने वाला समारोह था। इसका आयोजन अत्यंत गरिमा और श्रद्धा के साथ किया गया। मैं कोलकाता में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुआ हूं। और मैं एक बात कह सकता हूं कि ऐसे किसी भी कार्यक्रम से जब आप लौटते हैं, तो अपने भीतर पहले से थोड़ा बेहतर महसूस करते हैं।'' इस पहल के महत्व पर बात करते हुए अभिनेता यश दासगुप्ता ने कहा, ''हमने अलग-अलग ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए हैं, लेकिन इस बार मुझे अपने ही घर में दर्शन करने का अवसर मिला। प्रार्थना करने से मुझे बहुत अच्छा महसूस होता है। जब भी हम प्रार्थना करते हैं, बाबा हमें मन की शांति देते हैं। मुझे लगता है कि गुरुदेव और आर्ट ऑफ लिविंग की यह एक बहुत सुंदर पहल है। अब इतने सारे लोग अपने ही शहर में इन पावन अंशों के दर्शन कर सकते हैं। ऐसा लगता है मानो बाबा स्वयं लोगों के घरों तक दर्शन देने आ रहे हैं। अंततः सब उनकी ही इच्छा है और हम तो केवल उनके निमित्त यह सेवा कर रहे हैं।'' पश्चिम बंगाल में इस पहल को श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्ण समर्थन मिल रहा है। अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हजारों श्रद्धालु इन पावन ज्योतिर्लिंग अंशों के दर्शन कर चुके हैं। विभिन्न समुदायों और पृष्ठभूमियों के लोग एक साथ आकर भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के प्रति अपनी श्रद्धा और जुड़ाव व्यक्त कर रहे हैं। इससे पहले जादवपुर स्थित विवेक नगर देवालय में लगभग 700 श्रद्धालुओं ने इन पावन अंशों के दुर्लभ दर्शन किए, वहीं दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर स्थित भारत सेवाश्रम संघ में आयोजित सामूहिक पूजा में 2,000 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। डायमंड हार्बर में आयोजित पूजा का अनुभव प्रतिभागियों के लिए विशेष रूप से भावविभोर कर देने वाला रहा। एक सहभागी के अनुसार, पूजा के दौरान पूरे परिसर में अद्भुत शांति और निस्तब्धता छा गई। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति के बावजूद पूरा सभागार मंत्रोच्चार में लीन हो गया। इस अवसर पर बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर के वैदिक गुरुकुल से विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पहुंचे वैदिक पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया।

हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर ने तीन बड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाया

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेडने एक ही दिन में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आगे बढ़ाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन परियोजनाओं की कुल कीमत 630.17 करोड़ है, जो कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण चरण हो सकता है। एक ही दिन में इन तीनों परियोजनाओं में हुई प्रगति कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हालांकि इन परियोजनाओं के मिलने की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, लेकिन के साथ कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर होने और से लेटर ऑफ कमेंसमेंट (काम शुरू करने का पत्र) मिलने से, ये परियोजनाएं अब सक्रिय रूप से शुरू होने और क्रियान्वयन के चरण के करीब आ गई हैं। हमारा मानना है कि ये घटनाक्रम कंपनी की भविष्य की विकास यात्रा में एक अहम मोड़ साबित हो सकते हैं। इससे हमारी परिचालन क्षमताएं मजबूत होंगी, भौगोलिक उपस्थिति का विस्तार होगा और प्रमुख सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर एजेंसियों के साथ हमारे संबंध और बेहतर होंगे। हम समय पर काम पूरा करने, परिचालन में उत्कृष्टता लाने और अपने स्टेकहोल्डर्स (हितधारकों) के लिए लंबे समय तक चलने वाला मूल्य (वैल्यू) बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'' इन घटनाक्रमों में तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में टोलवे संचालन परियोजनाओं के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ दो अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) करना शामिल है।

साहित्य सेवा भी समाज की सेवा है : अमिता मराठे



गया जी, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश समिति एवं फरीदाबाद जिला समिति द्वारा आयोजित होने वाली मासिक भेंटवार्ता ''एक शाम साहित्य के नाम'' के नवंबर माह के अंक में आमंत्रित साहित्यकार के रूप में मध्य प्रदेश की वरिष्ठ लेखिका अमिता मराठे रहीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वार्ताकार कार्यक्रम की संयोजिका एवं शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश की सचिव सरोज कुमार एवं बतौर सह-वार्ताकार शब्दवीणा सृजन त्रिविधा की प्रभारी श्रीमती कीर्ति यादव ने भूमिका निभाई। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने भी श्रीमती अमिता मराठे का शब्दवीणा मंच पर समस्त शब्दवीणा परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। श्रीमती सरोज कुमार ने लेखिका अमिता मराठे का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दिया। श्रीमती मराठे ने एक लेखिका के रूप में अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनका जीवन दिव्यांगजनों की सेवा को समर्पित रहा है। दिव्यांगजनों की सेवा ने ही उन्हें साहित्यिक लेखन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शब्दवीणा केन्द्रीय फेसबुक पेज से किया गया, जिससे पुरुषोत्तम तिवारी, महावीर सिंह वीर, राजमणि मिश्र, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, अरुण अपेक्षित, सुरेश विद्यार्थी, पी.के. मोहन, राज कुमार शर्मा, आर. के. निगम, दीपक देव, विकास कुमार गुप्ता, डॉ विजय शंकर, अरुण कुमार यादव, बबन बदिया, अल्पना सिंह, विजयेंद्र सैनी, सुनीता सैनी, डॉ. कनक लता तिवारी, मधु वशिष्ठ, अनुराग दीक्षित, अशोक कुमार जाखड़, डॉ वीरेन्द्र कुमार, सुप्रिया आयुष, सुषमा सिंह, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ रश्मि प्रियदर्शनी सहित देश के विभिन्न प्रदेशों से जुड़े साहित्यानुरागियों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

नवलगढ़ नागरिक समिति का दीपावली प्रीति सम्मेलन

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। नवलगढ़ नागरिक समिति, कोलकाता की ओर से दीपावली प्रीति सम्मेलन का आयोजन भगत हाउस, 12/1, प्रिटोरिया स्ट्रीट में हुआ। स्वागत समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार सकसेरिया ने किया तथा उपाध्यक्ष श्री हर्षवर्धन पाटोदिया एवं श्री पीयूष कुमार भगत ने भी आयोजन में सहयोग किया। प्रधान सचिव श्री रमेश कुमार पाटोदिया ने संचालन और स्वागत भाषण दिया। सह-सचिव श्री ताराचंद पाटोदिया तथा श्री शंकरलाल भगत ने सबका जोरदार स्वागत किया। सह-सचिव श्री ताराचंद पाटोदिया ने इस आयोजन में नवलगढ़ वासियों की इतनी संख्या में उपस्थित देखकर मुग्ध हो गए तथा उन्होंने उपस्थित सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया तथा संस्था में सदस्य अभियान चलाकर सदस्यता संख्या बढ़ोतरी करने का प्रचार-प्रसार चलाने के लिए नए सदस्यों अनुरोध किया। इसके साथ ही सभी को शुभ दीपावली की हार्दिक बधाई दी। समिति के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार सेकसरिया तथा प्रधान सचिव श्री रमेश कुमार पाटोदिया ने सभी नवलगढ़ वासियों को शुभ दीपावली की हार्दिक बधाई दी तथा समिति को सब प्रकार से सहयोग देने की बात कही। सर्वप्रथम श्री गणेश जी महाराज जी को माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्वलित किया गया। दीपावली पत्रिका का विमोचन किया गया। छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सबसे अधिक अंक लानेवालों को सम्मानित किया गया। आयोजन में विशिष्ट व्यक्तियों में श्री जुगल किशोर भगत, श्री हनुमान प्रसाद मुरारका, श्री पावन कुमार पाटोदिया, श्री सुधीर कुमार पाटोदिया, श्री श्रवण कुमार पाटोदिया, श्रीमती निशा भगत, श्रीमती उमा सेकसरिया, श्रीमती शशि पाटोदिया, श्री ललित थड, श्री अजय कुमार पाटोदिया, श्री प्रवीण अजितसरिया, श्री ओम प्रकाश खण्डेलवाल, श्री प्रदीप कुमार मुरारका, श्री शरद कुमार झुनझुनवाला, श्री सुशील कुमार पाटोदिया, श्री नंदकिशोर सांगानेरिया, श्रीमती इंदु जोशी, श्रीमती वसुंधरा मिश्री, श्री मुरारी लाल मुरारका, श्री आदित्य पाटोदिया, श्रमती रितु पाटोदिया, श्री सुनील कुमार पाटोदिया, श्री ओमप्रकाश सेकसरिया, श्री रमेश शर्मा, श्री सुनील कुमार बगाड़िया, अरुण कुमार पाटोदिया, श्रीमती अनीता बगाड़िया, श्रीमती सुनीता पाटोदिया, श्री सत्य नारायण जालान, श्री विनोद भगत, श्री दिनेश कुमार जलान, श्री रवि भगत, श्री आशुतोष भगत, वेदांत भगत, श्री राधेश्याम पाड़िया, संतान कंदोई, श्री ललित कुमार पाटोदिया, श्री आभाष सेकसरिया, श्री सज्जन कुमार पाटोदिया, श्री प्रतीक पाटोदिया, श्री राजाराम कन्दोई, श्री सुनील कुमार मानसिंगका, श्री दीपंकर मोर, श्री महेश शर्मा, श्री संजय कुमार सांगनेरिया, श्री कमल बगाड़िया, श्री रामगोपाल मित्तल तथा श्री दिनेश बगाड़िया प्रमुख थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में इनलोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बच्चों के स्विमिंग पूल में सजा विवाह मंच

नियमों की अनदेखी पर मचा बवाल, मौके पर पहुंचे विधायक



पूर्व बर्द्धमान, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले में एक अनोखे और विवादास्पद मामले ने सभी का ध्यान खींचा है। यहां कालना नगरपालिका के अधीन संचालित पुराने बस स्टैंड के पास बने स्विमिंग पूल के भीतर शादी का स्टेज तैयार कर दिया गया। जिस स्विमिंग पूल का उपयोग मुख्य रूप से बच्चों को तैराकी सिखाने के लिए किया जाता है, उसके अंदर विवाह समारोह का मंच सजने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद हड़कंप मच गया।

मामले की जानकारी मिलते ही विवाह के दिन ही स्थानीय विधायक सिद्धार्थ मजूमदार घटनास्थल पर जा पहुंचे। उन्होंने आयोजन कर रहे वधू पक्ष के परिवार से चर्चा की और स्पष्ट रूप से चेताया कि आगे से इस प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन न किया जाए। जानकारी के अनुसार, बंगाल में स्थित कालना नगरपालिका द्वारा विवाह अथवा अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए पूल के पास स्थित इंडोर हॉल और बाहरी परिसर को किराये पर उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि, नियमों के तहत तैराकी पूल के अंदर किसी भी तरह का आयोजन करने की मंजूरी नहीं है। इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर प

दैनिक विश्वमित्र

6

कोलकाता, सोमवार, 23 नवम्बर, 2026

SPORTS

गावस्कर ने पंत के शतक को किया 'सैल्यूट'



वेलिंगटन, 22 नवंबर (एजेंसियां)। एक समय था जब ऋषभ पंत के शॉट चयन पर सुनील गावस्कर अपनी नाराजगी छिपा नहीं पाते थे। लेकिन रविवार को, भारत के पूर्व कप्तान के चेहरे पर मुस्कान थी और वे तालियां बजा रहे थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक और शानदार शतक जड़ा। इसके अलावा, मैदान पर अपने साथियों के साथ पंत की मजेदार बातचीत भी टीवी स्टूडियो में चर्चा का विषय बनी रही। जब पंत ने बेसिन रिजर्व में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया, तो गावस्कर को तालियां बजाते हुए देखा गया। इस पल को साझा करते हुए ब्रॉडकास्टर ने लिखा: कठोर आलोचक, लेकिन उससे भी बड़े प्रशंसक! यह पल गावस्कर की उस मशहूर टिप्पणी से बिल्कुल अलग था, जो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान की थी। तब पंत ने एक अनावश्यक आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवा दिया था, जिस पर गावस्कर ने कहा था- बेवकूफी, बेवकूफी, बेवकूफी! हालांकि, वेलिंगटन में पंत ने पूर्व भारतीय कप्तान को तालियां बजाने के कई मौके दिए। उन्होंने अपने खास अंदाज में शतक पूरा किया- ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर आगे बढ़कर आए और गेंद को मिड-ऑफ के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। पंत ने 153 गेंदों पर 128 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 6 छक्के शामिल थे। अंत में वे रचिन रवींद्र का शिकार बने। उनकी इस पारी, और साथ ही शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल के योगदान की बदौलत भारत ने 9 विकेट पर 720 रन बनाकर पारी घोषित की। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

डेब्यू मैच में 4 गेंदों पर 4 विकेट लेकर जमशेद आलम ने रचा इतिहास



नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 में रविवार, 22 नवंबर को एक ऐतिहासिक कारनामा देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के मध्यम गति के तेज गेंदबाज जमशेद आलम, जो घरेलू क्रिकेट में रेलवे के लिए खेलते हैं, ने सौराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में लगातार 4 गेंदों पर 4 विकेट चटकाकर सनसनी मचा दी। इस अद्भुत प्रदर्शन के साथ ही जमशेद पुरुष टी20 क्रिकेट के इतिहास में ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इंदौर में खेले गए इस मुकाबले में रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की पारी के चौथे ओवर में कप्तान ने टी20 डेब्यू कर रहे जमशेद आलम को गेंद थमाई। जमशेद ने अपने करियर के पहले ही ओवर में कहर बरपाते हुए चार बल्लेबाजों हार्विक देसाई, प्रेरक मांकड़, रुचित अहीर और सम्मर गज्जर को लगातार चार गेंदों पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद अपने अगले ओवर में उन्होंने सिद्धार्थ राणा को आउट कर महज 9 गेंदों के भीतर अपना 5 विकेट हॉल पूरा कर लिया, जिससे सौराष्ट्र का स्कोर 30/6 हो गया। जमशेद ने अपने स्पेल में 38 रन देकर 5 विकेट झटके और रेलवे को 29 रनों से शानदार जीत दिलाई। इसके साथ ही वे पुरुष टी20 डेब्यू पर 5 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। जमशेद आलम से पहले भारत के लिए सिर्फ दो ही गेंदबाजों ने पुरुष टी20 क्रिकेट में लगातार 4 गेंदों पर 4 विकेट लेने का कारनामा किया था, और दोनों ही बार यह उपलब्धि पारी के 20वें ओवर में आई थी।

मुंबई ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से रौंद दिया

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। मुंबई ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से रौंद दिया। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, पिछले मैच में डक पर आउट होने वाले अंगकृष रघुवंशी ने शानदार वापसी की और नाबाद 84 रन बनाए। हार्दिक तमोरे (41) और मुशीर खान (29) ने भी अच्छा साथ दिया। इससे पहले, शिवम दुबे ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 3 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ के 17 वर्षीय खिलाड़ी विकल्प तिवारी ने 18 गेंदों में 41 रन बनाए (जिसमें आठ चौके शामिल थे), लेकिन उन्हें बाकी टॉप ऑर्डर से ज्यादा सहयोग नहीं मिला।

विदर्भ ने गुजरात को हराया

गुजरात के खिलाफ बारिश से प्रभावित 13-13 ओवर के मैच में, ओपनर अथर्व तायडे और दानिश मलेवार ने विदर्भ के लिए चेज़ की नींव रखी। अंत में थोड़ी मुश्किल जरूर आई, लेकिन विदर्भ ने दूसरी आखिरी गेंद पर 129 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इससे पहले, गुजरात की पारी लड़खड़ा गई थी, जबकि ओपनर आर्या देसाई (23 गेंदों में 41 रन) और उर्विल पटेल (16 गेंदों में 35 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी। पार्थ रेखाडे ने 3 विकेट लेकर गुजरात को 130 रन के अंदर ही रोक दिया।

हिमाचल ने त्रिपुरा को 32 रन से हराया

हिमाचल के कप्तान पुखराज मान ने 31 गेंदों में 61 रन बनाए। उन्होंने विपक्षी कप्तान मणिशंकर मुरासिंह के 4 विकेट लेने के कारनामे को फीका कर दिया और अपनी टीम को त्रिपुरा के खिलाफ 183 रन तक पहुंचाया। इसके बाद रोहित कुमार और आर्यमान धालीवाल ने 3-3 विकेट लिए। उन्होंने त्रिपुरा का स्कोर पहले 37/3 कर दिया और अंत में उन्हें लक्ष्य से 32 रन दूर रोक दिया, जबकि नंबर 5 पर उतरे लक्ष्य थरेजा ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक लगाया था।

राजस्थान ने मिजोरम को 67 रन से पराजित किया

मिज़ोरम के खिलाफ राजस्थान की 67 रनों की जीत में विकेटकीपर कुणाल सिंह राठौड़ का नाबाद शतक आकर्षण का केंद्र रहा। मध्यक्रम के बल्लेबाजों - कार्तिक शर्मा, मुकुल चौधरी और महिपाल लोमरोर - की उपयोगी पारियों की मदद से राजस्थान ने 224/5 का स्कोर खड़ा किया। चिन्मय सुतार ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 25 गेंदों में 48 रन बनाए, लेकिन मिज़ोरम की टीम लक्ष्य से काफी पीछे रह गई।

जमशेद की घातक गेंदबाजी, रेलवे ने सौराष्ट्र को हराया

डेब्यू कर रहे जमशेद आलम ने अपने टी20 करियर की शानदार शुरुआत की। उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ रेलवे की ओर से खेलते हुए लगातार 4 गेंदों में 4 विकेट चटकाए। सौराष्ट्र के पांच खिलाड़ी बिना खाता खोले (डक पर) आउट हो गए, और आलम ने 38 रन देकर 5 विकेट लिए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, हरवंश पंगलिया (80) की अकेली कोशिश भी आलम के शानदार डेब्यू के सामने टिक नहीं सकी। हालांकि, 10वें नंबर पर आए क्रेन्स फुलेत्रा ने 23 गेंदों में 36 रन बनाए और अंडर-19 स्टार मोहित उलवा (15 गेंदों में 22 रन) के साथ मिलकर हार के अंतर को कुछ कम किया।

पंत के शतक, जुरेल के अर्द्धशतक से भारत हावी, कीवियों पर 233 रन की बढ़त





वेलिंगटन, 22 नवंबर (एजेंसियां)। ऋषभ पंत के शानदार 128 और ध्रुव जुरेल के आक्रामक 78 रन की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित कर दी। न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रन पर सिमटने के बाद भारत ने 352 रन की विशाल बढ़त हासिल की। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने मेजबान टीम की दूसरी पारी में 119 रन पर दो विकेट चटका दिए। न्यूजीलैंड अब भी 233 रन पीछे है और उसके आठ विकेट शेष हैं। चौथे दिन भारत ने चार विकेट पर 486 रन से आगे खेलना शुरू किया और 166 ओवर में 720 रन तक पहुंचने के दौरान 234 रन जोड़े। सपाट बासिन रिजर्व पिच पर भारतीय बल्लेबाजों ने लगातार रन बनाए और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को लंबे समय तक मैदान पर रखा। रात के नाबाद बल्लेबाज पंत ने आक्रामक अंदाज जारी रखते हुए 135 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर लॉन्ग ऑफ के ऊपर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। पंत ने अंततः 153 गेंदों में 128 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और छह छक्के शामिल रहे। वह रचिन रवींद्र की गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर से शॉट खेलने के प्रयास में नाथन स्मिथ को कैच दे बैठे। पंत और अंशुल कंबोज ने पांचवें विकेट के लिए 85 गेंदों में 68 रन जोड़े। कंबोज ने 42 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाए। उन्होंने तेज और स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की, लेकिन फिलिप्स की गेंद पर आउट हो गए। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर डेवोन कॉनवे ने दौड़कर आगे की ओर डाइव लगाते हुए उनका कैच पकड़ा। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने पंत के साथ भारतीय पारी की रफ्तार बनाए रखी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 84 गेंदों में 75 रन जोड़े और भारत को 600 रन के पार पहुंचाया। जुरेल ने 79 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाए। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और तेज गेंदबाजों के खिलाफ खाली जगहों में शॉट लगाए। उन्होंने 61 गेंदों में पांच चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत के आउट होने के बाद जुरेल ने वाशिंगटन सुंदर के साथ सातवें विकेट के लिए 59 गेंदों में 54 रन जोड़े। सुंदर ने 26 गेंदों में दो चौकों की मदद से 24 रन बनाए, लेकिन रवींद्र की गेंद पर ऑफ साइड में ड्राइव खेलने के प्रयास में उन्हें वापसी कैच थमा बैठे। जुरेल ने इसके बाद भी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और डेरिल मिशेल की गेंद पर चौका लगाकर भारत की बढ़त 300 रन के पार पहुंचाई। उन्होंने फिलिप्स की गेंद पर छक्का भी लगाया, लेकिन बाद में आगे निकलकर खेलने के प्रयास में गेंद चूक गए और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने उन्हें स्टंप कर दिया। आकाश दीप ने पांच गेंदों में 13 रन बनाकर देर से कुछ तेज रन जोड़े। उन्होंने फिलिप्स की गेंदों पर दो छक्के लगाए, लेकिन डीप मिडविकेट पर टॉम लैथम को कैच दे बैठे। जसप्रीत बुमराह सात रन बनाकर नाबाद रहे, जिसके बाद भारत ने 166 ओवर में नौ विकेट पर 720 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। न्यूजीलैंड की ओर से फिलिप्स ने तीन विकेट लिए, जबकि रवींद्र को दो विकेट मिले। 352 रन से पिछड़कर दूसरी पारी खेलने उतरी न्यूजीलैंड को बुमराह ने पहले ही ओवर में झटका दिया।

नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर की लगातार तीसरी जीत

मोहाली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब हॉकी लीग के तीसरे सीजन के चौथे दिन, नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर ने अपनी शानदार शुरुआत को जारी रखते हुए लगातार तीसरी जीत हासिल की। वहीं, ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉरमेंस सेंटर (एचपीसी) ने भी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट यहाँ ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस बीच, रिपब्लिकन स्पोर्ट्स क्लब ने स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। नवल टाटा हॉकी अकादमी ने मजबूत शुरुआत की। आठवें मिनट में सुखु गुरिया ने फील्ड गोल करके टीम को बढ़त दिलाई, और फिर 25वें मिनट में अमित कोंगरी ने एक और फील्ड गोल करके इस बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ-टाइम तक टीम 2-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज ने वापसी की कोशिश की, जब 36वें मिनट में शिवम यादव ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर अंतर को 1-2 कर दिया।

राफेल नडाल रियल मैड्रिड के निदेशक मंडल में शामिल

मैड्रिड, 22 नवंबर (एजेंसियां)। टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल को शनिवार को रियल मैड्रिड के निदेशक मंडल में शामिल करने की मंजूरी मिल गई। वह क्लब के बोर्ड के 19वें सदस्य बन गए हैं। 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके नडाल को क्लब की आम सदस्य सभा में 99.5 प्रतिशत मतों के साथ निदेशक मंडल में शामिल किया गया। मतदान में पड़े कुल 1,713 मतों में से 1,704 उनके पक्ष में थे। नडाल 2011 से क्लब के मानद सदस्य हैं। नडाल ने एक बयान में कहा, रियल मैड्रिड के निदेशक मंडल का हिस्सा बनना एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह ऐसा क्लब है जिसकी विरासत माता-पिता से बच्चों तक पहुंचती है और जो लोगों को एकजुट करता है। मेरे लिए यह परिवार और दोस्तों के साथ मैच देखने के अनुभव से जुड़ा है। यह मेरे लिए अपार खुशी और बहुत संतोष की बात है। उनकी नियुक्ति को क्लब के अध्यक्ष फ्लोरेंटिनो पेरेज के लिए एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। हाल के दिनों में उनके नेतृत्व की आलोचना हुई है। क्लब ने 2024 के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ हॉकी सीरीज भारत ने 1-0 से जीती

आखिरी मुकाबला 2-2 से मैच ड्रॉ

ऑकलैंड, 22 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां लॉयड एल्समोर हॉकी स्टेडियम में मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम मुकाबला 2-2 से ड्रॉ खेलकर तीन मैचों की 2026 शताब्दी हॉकी सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत की ओर से कप्तान संजय राणा (16वें मिनट) और सेल्वम कार्थी (18वें मिनट) ने गोल किए, जबकि न्यूजीलैंड के लिए डायलन थॉमस (नौवें मिनट) और बेंजी कुल्हेन (55वें मिनट) ने गोल दागे। तीन मैचों की यह मैत्री सीरीज गुरुवार को शुरू हुई थी। भारत ने पहला मुकाबला उत्तम सिंह, शरदानंद तिवारी और संजय राणा के गोल की मदद से 3-2 से जीता था। अंगद बीर सिंह ने शनिवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत को बराबरी दिलाई थी, जबकि संजय राणा के आखिरी समय में किए गए गोल ने टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया था। तीनों मैचों में तीन गोल करने वाले संजय राणा सीरीज के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। वह पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य और 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। न्यूजीलैंड की ओर से सैम हिहा और डायलन थॉमस ने दो-दो गोल किए। सीरीज बराबर करने के इरादे से उतरी विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान की न्यूजीलैंड टीम ने आक्रामक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में डायलन थॉमस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। भारत ने हालांकि दूसरे क्वार्टर में दो गोल कर मुकाबले का रुख पलट दिया। संजय राणा ने लगातार तीसरे मैच में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर बराबर किया। इसके कुछ ही देर बाद सेल्वम कार्थी ने मैदानी गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम इसी बढ़त पर कायम रही। तीसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षापंक्ति ने मजबूती से खेलते हुए बढ़त बरकरार रखी। चौथे क्वार्टर में भी भारत अधिकांश समय तक अपनी बढ़त बचाने में सफल रहा, लेकिन मैच समाप्त होने से पांच मिनट पहले बेंजी कुल्हेन ने मैदानी गोल कर न्यूजीलैंड को 2-2 की बराबरी दिला दी। न्यूजीलैंड की टीम शेष समय में कोई और गोल नहीं कर सकी और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस तरह भारत ने सीरीज 1-0 से जीत ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस सीरीज का आधिकारिक नाम '2026 इंडिया/न्यूजीलैंड सेंचुरी ऑफ स्पोर्टिंग यूनिटी इवेंट' था। इसका आयोजन दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। वर्ष 1926 में महान मेजर ध्यानचंद वाली भारतीय सेना की हॉकी टीम न्यूजीलैंड का दौरा करने वाली भारत की पहली टीम बनी थी।

एंटोनसेन को वॉकओवर से पुरुष एकल का खिताब, झियी ने खिताब बरकरार रखा

हांगकांग, 22 नवंबर (एजेंसियां)। हांगकांग ओपन 2026 में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को पुरुष एकल का चैंपियन घोषित किया गया। फाइनल मुकाबले से पहले दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न ने पीठ की चोट के कारण अपना नाम वापस ले लिया, जिसके बाद एंटोनसेन को वॉकओवर मिल गया। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने रविवार को एक बयान में कहा, पुरुष एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न पीठ की चोट के कारण ली-निंग हांगकांग ओपन 2026 के फाइनल मुकाबले से हट गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी एंडर्स एंटोनसेन को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान खिताब प्रदान किया जाएगा। एंटोनसेन ने भारत के लक्ष्य सेन को 21-13, 21-13 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि वितिदसर्न ने 72 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया के मोहम्मद जकी उबैदिल्लाह को 18-21, 21-15, 21-16 से हराया था। हांगकांग में मिली यह जीत एंटोनसेन का इस साल का दूसरा बीडब्ल्यूएफ 500 खिताब है। इससे पहले उन्होंने मई में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था। उस टूर्नामेंट के फाइनल में भी उनका सामना वितिदसर्न से हुआ था, लेकिन तब डेनमार्क के खिलाड़ी ने तीन गेम तक चले मुकाबले में जीत हासिल की थी। महिला एकल के फाइनल में दो बार की एशियाई चैंपियन वांग झियी ने पोर्नपावी चोचुवोंग को एकतरफा मुकाबले में हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। झियी ने पहला गेम 21-16 से जीता और फिर महज 40 मिनट में दूसरा गेम 21-11 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पुरुष युगल में मलेशिया की जोड़ी मैन वेई चोंग और टी काई वुन ने भी खिताब जीत लिया। इस जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया के लियो रोली और डेनियल मार्थिन को कड़े मुकाबले में हराया। मलेशियाई जोड़ी ने इससे पहले भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वेई चोंग और काई वुन ने पहला गेम 21-19 से जीता।

8वां अखिल भारतीय चंदगीराम गोल्ड कप कुश्ती टूर्नामेंट 23-24 नवंबर को

नयी दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती के महान खिलाड़ी, गुरु एवं पद्मश्री से सम्मानित स्वर्गीय मास्टर चंदगीराम जी की स्मृति में आयोजित होने वाला 8वां अखिल भारतीय चंदगीराम गोल्ड कप कुश्ती टूर्नामेंट आगामी 23 एवं 24 नवंबर 2026 को प्रहलादपुर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से पुरुष एवं महिला पहलवान विभिन्न भार वर्गों में अपनी कुश्ती प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय कुश्ती को प्रोत्साहित करना, युवा एवं उभरते हुए पहलवानों को राष्ट्रीय स्तर का प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना तथा गुरु पद्मश्री मास्टर चंदगीराम जी की महान खेल विरासत और आदर्शों को आगे बढ़ाना है। इस वार्षिक प्रतियोगिता की शुरुआत उनके सुपुत्र एवं हिंद केसरी पहलवान जगदीश कालीरमन द्वारा अपने पिता की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। जगदीश ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषों के 125 किग्रा और महिलाओं के 76 किग्रा के शीर्ष वर्ग के विजेता पहलवानों को एक समान एक-एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी। इसके अलावा पुरुष वर्ग में 65 किग्रा और 86 किग्रा तथा महिला वर्ग में 53 किग्रा और 62 किग्रा वर्ग में विजेता को 50-50 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नाडा/वाडा से प्रतिबंधित पहलवान प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

डीपीएल 26 : 14 टॉप क्लब भाग लेंगे

नयी दिल्ली, 22 नवंबर (एजेंसियां)। देर से ही सही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) की शुरुआत के साथ राजधानी की फुटबाल फिर से पटरी पर लौटती नज़र आ रही है। अम्बेडकर स्टेडियम में उद्घाटन मुकाबला सोमवार 23 नवम्बर को गत विजेता गढ़वाल हीरोज और द ड्रीम टीम के मध्य 12 बजे खेला जाएगा। दूसरा मैच रॉयल रेंजर्स और भारतीय वायुसेना के बीच तय है। शिक्षा और खेल राज्य मंत्री आशीष सूद लीग का उद्घाटन करेंगे और सांसद अनिल बलूनी और अजय भट्ट भी उद्घाटन अवसर पर मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय यह है कि दो धड़ों में बंटी डीएसए के बीच लीग आयोजन को लेकर कोई मनमुटाव नहीं है। आयोजक बीएस मेहरा गुट ने व्यक्तिगत स्वार्थों को भुला कर सुशांता धड़े की टीमों को नियमानुसार लीग का हिस्सा बनाया है।

दक्षिण अफ्रीका को टक्कर देने के इरादे से उतरेगी बांग्लादेश की टीम



सेंचुरियन, 22 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका को अपने कप्तान टेम्बा बावुमा की कमी खलेगी, लेकिन सेंचुरियन में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले बांग्लादेश के लिए दो बड़े खिलाड़ी बाहर हैं। मुशफिकुर रहीम को ग्रोइन (जांघ के ऊपरी हिस्से) में और हसन महमूद को कोहनी में चोट लगी है, जिसका मतलब है कि बांग्लादेश अपने सबसे अनुभवी खिलाड़ी और सबसे अच्छी फॉर्म में चल रहे गेंदबाज के बिना मैदान पर उतरेगा। इसके अलावा, पहली पारी में 400 रन बनाने के बावजूद नौ विकेट से मिली हार के बाद, उन्हें अब मेजबान टीम को हराने का कोई नया तरीका खोजना होगा। दक्षिण अफ्रीका के लिए, बावुमा की चोट के अलावा चिंता की कोई खास बात नहीं है। उन्होंने बांग्लादेश की पहली पारी के स्कोर का शानदार जवाब देते हुए 157 रनों की बढ़त हासिल की। उनके इतिहास में यह केवल तीसरी बार था जब उन्होंने पहली पारी में 400 रन देने के बाद भी कोई मैच जीता हो। नए खिलाड़ी मार्केस एकरमैन ने अपने करियर का पहला शतक जड़कर टीम की कमान संभाली, जबकि ryan रिकेल्टन ने अपना चौथा शतक लगाया और कगिसो रबाडा ने 72 रन बनाए, जिससे टीम 550 रनों के पार पहुंच गई। रबाडा ने मैच में कुल आठ विकेट लिए, जबकि साइमन हार्मर ने दूसरी पारी में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बांग्लादेश को पछाड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने पिछले 15 घरेलू टेस्ट मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। जोहान्सबर्ग में मेहमान टीम (बांग्लादेश) के लिए कुछ अच्छे पल भी आए। तौहीद हृदय और लिटन दास ने शतक लगाए और 122 रन पर 5 विकेट गिरने के बाद छठे विकेट के लिए 206 रन जोड़े। खासकर तौहीद हृदय शानदार फॉर्म में हैं; पिछले दो महीनों में उन्होंने 350 और 242 रन की पारियां खेली हैं।

भारत ने टेस्ट क्रिकेट में बनाया अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर

वेलिंगटन, 22 नवंबर (एजेंसियां)। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 720 रन बनाकर पारी घोषित की। यह टेस्ट क्रिकेट में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ यह भारत का अब तक का सर्वोच्च टेस्ट स्कोर और ओशिनिया देश में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। भारत का टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट पर 759 रन है, जबकि दूसरा सबसे बड़ा स्कोर 2009 में मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ नौ विकेट पर 726 रन है। इसके अलावा भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 2010 में कोलंबो में 707 रन बनाए थे, जबकि 2004 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 705 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रन पर सिमटने के बाद भारत ने 352 रन से अधिक की बढ़त हासिल कर मुकाबले में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत की ओर से केएल राहुल और ऋषभ पंत ने शतक लगाए, जबकि यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, कप्तान शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक जड़े। अनुकूल और सपाट पिच का फायदा उठाते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने जमकर रन बनाए। इस प्रदर्शन से भारत को न्यूजीलैंड की धरती पर 2009 के बाद पहली टेस्ट जीत हासिल करने का मौका मिला है।

दो हार के बाद दिल्ली ने चखा जीत का स्वाद

इंदौर, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। लगातार दो हार झेलने के बाद दिल्ली ने आखिर जीत का स्वाद चख लिया। विकेटकीपर तेजस्वी दहिया की 95 रन की बेहतरीन पारी और सुयश शर्मा (31 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली ने हरियाणा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में रविवार को 43 रन से हरा दिया। तेजस्वी दहिया को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। दिल्ली ने 20 ओवर में छह विकेट पर 232 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद हरियाणा को आठ विकेट पर 189 रन पर रोक दिया। दिल्ली की पारी में उसके शीर्ष चार बल्लेबाजों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रियांश आर्य ने 40 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन, यश ढुल ने 12 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के के सहारे 27 रन और नीतीश राणा ने 20 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 37 रन का योगदान दिया। दिल्ली की पारी में असली तड़का लगाया तेजस्वी दहिया ने, जिन्होंने मात्र 36 गेंदों में छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से 95 रन ठोके। तेजस्वी पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। हरियाणा की तरफ से सुमित कुमार और अनुज ठकराल ने तीन-तीन विकेट लिए। हरियाणा की तरफ से सामंत जाखड़ ने 33, सुमित कुमार ने नाबाद 33 और कप्तान अंकित कुमार ने 32 रन बनाये।यशवर्धन दलाल ने 28 और कनिष्क चौहान ने 22 रन का योगदान दिया लेकिन पांच विकेट 78 रन पर गिर जाने के बाद टीम वापसी नहीं कर पाई। दिल्ली की तरफ से सुयश के तीन विकेट के अलावा मयंक यादव ने दो विकेट लिए।

संविधान दिवस पर 26 हजार स्थानों पर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 99वां संस्करण आयोजित



गांधीनगर, 22 नवंबर (एजेंसियां)। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 99वां संस्करण रविवार को देशभर के 26 हजार स्थानों पर आयोजित किया गया। संविधान दिवस की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए फिटनेस, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने गांधीनगर के दांडी कुटीर और महात्मा मंदिर में कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान नागरिकों, खिलाड़ियों और फिटनेस के प्रति जागरूक लोगों ने स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए साइकिल चलाई। डॉ. मांडविया ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वस्थ, फिट और नशामुक्त युवा आबादी जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से साइकिल चलाने को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं। संडे ऑन साइकिल के 99वें संस्करण में देशभर के 26 हजार स्थानों पर लोगों की भागीदारी इस अवसर को खास बनाती है, विशेषकर तब जब हम 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। फिटनेस कुछ घंटों या किसी विशेष दिन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनना चाहिए। डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि फिटनेस को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने का भी माध्यम है।

योगेश चन्द्र अग्रवाल द्वारा दैनिक विश्वमित्र के लिए मेसर्स एल एस पब्लिकेशन्स प्रा. लिमिटेड, 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता- 700015 से मुद्रित एवं चटर्जी इंटरनेशनल, 19वां तल्ला, 33ए, जवाहर लाल नेहरू रोड, कोलकाता-71 से प्रकाशित। सम्पादक प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, विज्ञापन व्यवस्था, सर्कुलेशन विभागों का पता- चटर्जी इंटरनेशनल, 19वां तल्ला, 33ए, जवाहर लाल नेहरू रोड, कोलकाता-71, फोन नं. 3348155544, e-mail : vismtra@gmail.com, RNI No. 2508/57

उत्तर प्रदेश समाचार

यूपी के 75 जिलों में एक साथ छाया अंधेरा

ब्लैक आउट मॉकड्रिल



लखनऊ, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। युद्ध और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए रविवार शाम छह बजे यूपी के सभी 75 जिलों में ब्लैक आउट मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान एयर रेड की चेतावनी देने वाला सायरन करीब दो मिनट तक बजता रहा।

एयर रेड और ब्लैक आउट मॉकड्रिल का आयोजन लखनऊ की रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार शाम को किया गया।

शाम करीब छह बजे सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। इस मॉकड्रिल में आपदा राहत, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और फायर ब्रिगेड की टीमें शामिल हुईं। आपसी समन्वय और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को परखा गया।

मॉकड्रिल के दौरान लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने की सलाह दी गई। सायरन बजने पर घर या सुरक्षित स्थान पर रहने को लोगों से कहा गया। यह अभ्यास वास्तविक हमले की स्थिति नहीं, बल्कि आपातकालीन तैयारियों को जांचने की प्रक्रिया का हिस्सा था।

मॉकड्रिल के दौरान आपात स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, सायरन सिस्टम की कार्यक्षमता और राहत एवं बचाव अभियान की तैयारियों को परखा गया। लखनऊ पुलिस लाइन में डीजीपी राजीव कृष्ण, पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

लखीमपुर खीरी के विलोबी हॉल ग्राउंड में रविवार को हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रतीकात्मक मॉकड्रिल हुई।

मुरादाबाद में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। गोरखपुर में मॉकड्रिल के दौरान अंधेरा छा गया। कासगंज में रविवार शाम छह बजे मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। अलीगढ़ में मॉकड्रिल के दौरान कैंप में आग लगने का अभ्यास किया गया।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर छलका आजम खान का दर्द



रामपुर, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर आजम खान का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने जेल में हर एक रात कैसे काटी, उसको बयां किया। आजम खान ने कहा कि जेल में हर रात वह खुदा से मौत की भीख मांगते थे, लेकिन मौत नहीं आती थी। हर शाम इसी अनजान खबर के साथ सोते थे कि न जाने अगली सुबह कौन सी भारी खबर लेकर आए। रविवार को मुलायम सिंह यादव की जयंती पर आजम खान कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि बदला घटिया लोग लेते हैं, हमें इंसाफ चाहिए। जो लोग आपसे आजादी छीनना चाहते हैं, उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देने हैं। उनका इशारा बीजेपी की ओर था। आजम खान ने कहा कि अपना देश और प्रदेश बहुत खूबसूरत है, इसे बचाने की जिम्मेदारी आपकी है। मुसलमानों की ओर इशारा करते हुए आजम खान ने कहा कि इस मुल्क में रहने वाली सबसे बड़ी दूसरी आबादी आखिर कहां चली जाए। अगर कोई दूसरा मुल्क हमें लेने को तैयार हो, तो बताइए।

आजम खान ने कहा कि दुआ कीजिए कि आने वाला कल बीते कल से अच्छा हो। आवाम और समाजवादी पार्टी को सत्ता मिले। उन्होंने बेरोजगारी और किसानों के जरिए सरकार पर सवाल उठाए। हर रोज खबरें पढ़ते थे कि नौकरी की तैयारी करने वाले बच्चे आत्महत्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो जुल्म हम पर हुए हैं, उनका बदला नहीं होना चाहिए। बदला घटिया और जालिम लोग लेते हैं, लेकिन इंसाफ जरूर होना चाहिए। अगर इंसाफ नहीं हुआ, तो आने वाले समय में कोई खड़ा होने वाला नहीं रहेगा।

सीट बंटवारे को लेकर सपा ने कमेटी बनाई

लखनऊ, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सपा-कांग्रेस में सीट बंटवारे की बैठक जल्द हो सकती है। इसको लेकर कांग्रेस की ओर से पहले ही कमेटी का गठन किया जा चुका है। अब सपा की ओर से भी कमेटी का गठन हो गया है।

आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए समाजवादी पार्टी की ओर से इंडिया गठबंधन के सीट समझौते के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कमेटी गठित कर दी है। गठित कमेटी में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, सांसद राजीव राय और सांसद इकरा चौधरी शामिल हैं। इससे पहले कांग्रेस ने 16 नवंबर को पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। उसके अगले दिन सपा-कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर बैठक होने वाली थी, लेकिन बैठक टल गई थी।17 नवंबर को सपा-कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर होने वाली बैठक टल

बिहार समाचार

नीतीश सेतु पर पीएम-सीएम के पोस्टर फाड़ने के मामले में 3 लोग भेजे गए जेल

हाजीपुर, 22 नवम्बर (एजेंसियां): नीतीश सेतु पर उपद्रव करना भारी पड़ रहा है। दरअसल, वैशाली जिले में नवनिर्मित नीतीश सेतु पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और एनडीए के कई प्रमुख नेताओं के पोस्टर फाड़े जाने के मामले में पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। 21 नवंबर को पीएम मोदी के उद्घाटन के तुरंत बाद ये विवाद सामने आया था।

नीतीश सेतु पर पोस्टर फाड़ने के विवाद में राघोपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के बयान के आधार पर रुस्तमपुर थाने में 11 नामजद और 100 से 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

वीडियो के आधार पर बाकियों की तलाश तेज

मामले की जानकारी देते हुए रुस्तमपुर थानाध्यक्ष कुमार अभिषेक ने बताया कि बीडीओ के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया, जिन्हें पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सोशल मीडिया पर दिख रहे घटना के वीडियो के आधार पर अन्य उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पहचान सुनिश्चित होते ही बाकी आरोपियों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ के बयान पर 11 नामजद और 100 से 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

रुस्तमपुर थाने में 11 नामजद और 100-150 अज्ञात पर केस



आरजेडी के झंडों के साथ सेतु पर हुआ था हंगामा

उद्घाटन के तुरंत बाद की घटना: 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीतीश सेतु का उद्घाटन किए जाने और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दर्जनों की संख्या में लोग हाथों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का झंडा लेकर सेतु पर पहुंच गए। विरोध और समर्थन में नारेबाजी: सेतु पर जमा हुई भीड़ ने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के समर्थन में नारेबाजी की, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ नारे लगाए।

पोस्टर फाड़े और अपशब्द कहे: इसी दौरान कुछ युवकों ने सेतु पर लगे पीएम मोदी, सीएम सम्राट चौधरी और एनडीए के अन्य नेताओं के पोस्टर फाड़ दिए और अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया।

मोबाइल में रिकॉर्ड हुआ घटनाक्रम: मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरे उपद्रव का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब इंटरनेट पर दखने को मिल रहा है।

पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

इस पूरी घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल से लेकर नीतीश सेतु तक जाने वाले मार्ग पर बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों, जवानों और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी।

ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की जांच की मांग

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये पूरी घटना मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की आंखों के सामने हुई, लेकिन किसी ने भी उपद्रवियों को रोकने का प्रयास नहीं किया।

वीडियो में भी घटनास्थल पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी दिखाई देने की बात कही जा रही है। फिलहाल, स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की भूमिका की जांच कर उन पर कार्रवाई करने की मांग की है।

दरभंगा में सम्राट चौधरी ने 346 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

दरभंगा, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को एक दिवसीय दौरे पर दरभंगा पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नागेंद्र झा स्टेडियम में आयोजित समारोह में 346 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे पहले मिथिला के प्रसिद्ध श्यामा माई मंदिर में श्यामा माई की पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री को नागेंद्र झा स्टेडियम में आयोजित समारोह में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मंत्री मदन सहनी और विधायक मुरारी मोहन झा ने मंच पर पाग चादर और मखाना के माला से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा दौरे पर तीन दिवसीय 54 वें विद्यापति पर्व समारोह का उद्घाटन

नालंदा में बर्ड फ्लू की दस्तक

नालंदा, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार के नालंदा जिले में बर्ड फ्लू ने दस्तक दी है। डीएम आवास में 4 मृत कौओं की जांच के बाद मामले का खुलासा हुआ है। बर्ड फ्लू (एवियन इन्फलूएंजा) की पुष्टि के बाद प्रशासन और पशुपालन विभाग अलर्ट हो गया है।

डीएम आवास परिसर में मृत मिले चार कौओं के सैंपल की जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू के वायरस मिलने के बाद जिले में संक्रमण की रोकथाम के लिए एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ, रेखा चौबे के अनुसार 6 नबंर को डीएम आवास परिसर में चार कौए मृत मिले थे। इनके सैंपल जांच के लिए पहले पटना, फिर कोलकाता और अंत में भोपाल की लैब भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है।

संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जिला स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम गठित की गई है। शहर के आसपास 12 किमी के दायरे में स्थित पोल्ट्री फार्मों में मुर्गियों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

तिलक में पंडित जी को मिली 1.51 लाख दक्षिणा

पटना, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी की तिलक चढ़वाने वाले पंडित जी से जब दान-दक्षिणा को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें दक्षिणा के रूप में 1 लाख 51 हजार रुपये मिले हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अभी थोड़े दिन पहले ही विधायक जी ने उनकी दो-दो बेटियों की शादी करवाई थी। उनकी पत्नी और भाई के दो-दो ऑपरेशन भी करवाए।

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
KMDA TENDER NOTICE
e-NIT No : 26/EE/MD-V/EM/KMDA of 2026-27 (2nd Call)
Online Tender is invited by Executive Engineer, MD-V, E-M Sector, KMDA, 1st floor, Block-L, Unnayan Bhavan, Sector-II, Salt Lake City, Kolkata-700091, from the eligible agencies, for the work, **Brief description of work, Estimated Cost, Earnest Money Deposit, Time of Work / completion,** Round the clock operation, guarding, cleaning including daily / periodic maintenance etc. of the Booster Pumping equipments for 3.60MG UGR cum Booster Pumping Station at Tikiapara under Howrah Municipal Corporation Area for the period of 3 Years., Rs.63,32,354/-, Rs.1,26,647/-, 03 years, **Lat date & time of online Tender Submission:** 09.12.2026 upto 14.00 hrs., for details contact the above office or visit both websites.
www.kmda.wb.gov.in (KMDA-760)
www.wbtenders.gov.in
ICA- T20139(3)/2026

अनंत सिंह की बेटी की शादी में बारिश बनी विलेन



पटना, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार के विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी का तिलक समारोह संपन्न होने के बाद अब बारात के स्वागत की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन मौसम ने चिंता बढ़ा दी है। पटना जिले के बाढ़ क्षेत्र स्थित पैतृक गांव नदवां (लदमा) में 25 नवंबर को होने वाली इस शाही शादी से पहले हुई बेमौसम बारिश ने तैयारियों पर ब्रेक लगा दिया है। करीब 25 बीघा जमीन पर जयमाला, भोज, गीत-संगीत और घुड़दौड़ के लिए की गई व्यवस्थाओं के बीच पानी और कीचड़ जमा हो गया है। सजावट के सामान को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। तैयारियों पर बारिश के असर को लेकर अनंत सिंह ने कहा कि तीन दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने सबकुछ बिगाड़ दिया है और कोई काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा, तैयारी सब है लेकिन पानी ने पूरा तंग कर दिया है। कादो (कीचड़) में घोड़ा नहीं दौड़ेगा और प्लेन नहीं गिरेगा (हेलिकॉप्टर लैंड नहीं होगा)। विधायक ने बताया कि इस इलाके में केवाल मिट्टी है, बलुआही मिट्टी नहीं होने के कारण जमीन सूखने में समय लगता है। अगर, बारिश रुक भी जाए, तो बालू छींटकर ही काम चलाना पड़ेगा।

25 मेहमानों की हेलिकॉप्टर लैंडिंग रद्द

अनंत सिंह ने जानकारी दी कि शादी समारोह में शामिल होने के लिए 25 मेहमान हेलिकॉप्टर से आने वाले थे, जिसके लिए विशेष रूप से हेलीपैड भी तैयार किया गया था। हालांकि, मैदान में कीचड़ भर जाने के कारण अब हेलिकॉप्टर उतरने की कोई संभावना नहीं बची है। उन्होंने कहा कि धूप निकलने के बावजूद हेलीपैड का उपयोग संभव नहीं हो पाएगा और अब सभी मेहमानों को केवल सड़क मार्ग से ही आना होगा।

आयोजकों के सामने बड़ी चुनौती

शादी समारोह में अब मात्र तीन दिन का समय बचा है, जिससे आयोजकों के सामने तैयारियों को समय पर पूरा करने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद के बीच मैदान की गीली जमीन और कीचड़ ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है। अनंत सिंह के अनुसार, मौसम की इस मार से हर कोई दुखी है और सभी को लग रहा है कि बारिश के कारण इतनी बड़ी तैयारियों पर परेशानी खड़ी हो गई है।

झारखंड समाचार

सीएम हेमंत सोरेन ने सीजेआई को लिखा पत्र

झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश की जल्द नियुक्ति का आग्रह



रांची, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम से राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक के 27 नवंबर को सेवानिवृत्त होने से पहले उनके उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने का अनुरोध किया है। मुख्य न्यायाधीश और कॉलेजियम के न्यायाधीशों को लिखे पत्र में हेमंत सोरेन ने कहा कि लंबे समय तक अंतरिम व्यवस्था रहने से न्यायिक संस्थान में अनिश्चितता पैदा हो सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पदभार में बार-बार बदलाव होने से उच्च न्यायालय में प्रशासनिक कामकाज की निरंतरता और संस्थागत योजना की प्रक्रिया बाधित होती है। हेमंत सोरेन ने न्याय व्यवस्था में जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में स्थिर न्यायिक नेतृत्व की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने पत्र में कहा कि कॉलेजियम ने तत्काल कदम नहीं उठाया तो झारखंड उच्च न्यायालय में एक बार फिर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की अंतरिम व्यवस्था करनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश का पद किसी भी उच्च न्यायालय के प्रशासनिक और न्यायिक कामकाज के लिए केंद्रीय महत्व रखता है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि झारखंड हाईकोर्ट में 22 दिसंबर 2022 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि रंजन की सेवानिवृत्ति के बाद जनवरी 2026 में न्यायमूर्ति एमएस सोनक के मुख्य न्यायाधीश बनने तक चार मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए। इनमें से कुछ का कार्यकाल महज 15 दिनों का रहा। इस दौरान तीन बार दो महीने से छह महीने तक के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने पड़े। सीएम ने कहा है कि बार-बार नेतृत्व में बदलाव और लंबे समय तक अंतरिम व्यवस्था रहने से प्रशासनिक निरंतरता बाधित होती है। इसका असर संस्थागत योजनाओं और न्यायिक कामकाज पर भी पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में उल्लेख किया है कि झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक 27 नवंबर 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। लेकिन अब तक उनके उत्तराधिकारी को नामित नहीं किया गया है और न ही किसी न्यायाधीश का झारखंड हाईकोर्ट में स्थानांतरण किया गया है। ऐसे में यदि कॉलेजियम ने समय रहते निर्णय नहीं लिया, तो हाईकोर्ट को एक बार फिर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की व्यवस्था से गुजरना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मुख्य न्यायाधीश का पद हाईकोर्ट के प्रशासनिक और न्यायिक कामकाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक अंतरिम व्यवस्था रहने से प्रशासनिक निरंतरता बाधित होती है और संस्थागत योजनाओं पर भी असर पड़ता है।

उत्कृष्ट विधायक निरल पुरती को किया गया सम्मानित

रांची, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित झारखंड विधानसभा के 26वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट विधायक, विधानसभा के पूर्व सदस्यों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा कर्मियों तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस वर्ष उत्कृष्ट विधायक के रूप में मझगांव के विधायक निरल पुरती को सम्मानित किया गया। वहीं, विधानसभा के पूर्व सदस्यों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा की मासिक पत्रिका 'उड़ान' का विमोचन तथा 'विधानमंडल का व्याकरण' पुस्तक का लोकार्पण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी झारखंड विधानसभा की 26वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। राज्य का यह सबसे बड़ा लोकतांत्रिक मंदिर है। लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर में सभी समान हैं। यह केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि इंसानियत, मानवता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। इस मंदिर की ताकत और इसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था का लोहा पूरी दुनिया मानती है।

झारखंड विधानसभा का 26वां स्थापना दिवस

सीएम हेमंत सोरेन बोले, लोकतंत्र का मंदिर है सदन



रांची, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा के 26वें स्थापना दिवस पर विधानसभा परिसर में समारोह आयोजित किया गया। इसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विधानसभा को लोकतंत्र का मंदिर बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि इंसानियत, मानवता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यहां राज्य के जनसामान्य के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लिए जाते हैं। विधानसभा की गरिमा और इसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था की ताकत को पूरी दुनिया मानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ने अपनी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से देश में अलग पहचान बनाई है। खासकर महिला सशक्तीकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में राज्य सरकार के कार्यों की दूसरे राज्यों में भी सराहना हो रही है। झारखंड की योजनाओं और कार्यप्रणाली से अन्य राज्य प्रेरणा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। विकास की मुख्यधारा से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे, इसके लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि सरकार वर्ष 2050 के झारखंड की तस्वीर को ध्यान में रखकर काम कर रही है। आने वाले समय में राज्य विकास के किन नए आयामों को हासिल करेगा और अगली पीढ़ी के लिए कैसी व्यवस्था तैयार होगी, इन बातों को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य का निर्माण पूर्वजों, आंदोलनकारियों और राज्यवासियों के लंबे संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करना सभी की जिम्मेदारी है। सरकार का प्रयास झारखंड को विकसित, समृद्ध और सशक्त राज्य के रूप में स्थापित करना है। समारोह में मझगांव के विधायक निरल पूर्ति को वर्ष के उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया गया। इसके अलावा विधानसभा के पूर्व सदस्यों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा की मासिक पत्रिका 'उड़ान' का विमोचन और 'विधानमंडल का व्याकरण' पुस्तक का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, नवीन जायसवाल समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

हजारीबाग, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में बरही-धनबाद मेन रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान गोरहर गांव निवासी तिलकी देवी के रूप में हुई है। घटना धरगुली मोड़ के समीप की है। इसी दौरान बरही की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में मृतका के परिजन और ग्रामीण भी घटनास्थल पर जुट गए। हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मृतका के शव के साथ बरही-धनबाद मुख्य मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतका के आश्रितों को उचित मुआवजा दिया जाए और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ट्रक तथा उसके फरार चालक की पहचान कर गिरफ्तारी की जाए। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिलता, तब तक वे सड़क से नहीं हटेंगे। सड़क जाम होने के कारण मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घंटों से परिजन और ग्रामीण सड़क पर बैठे हुए थे। इस दौरान आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। मुख्य मार्ग होने के कारण दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुकने से यात्रियों को भी इंतजार करना पड़ा।

दैनिक विश्वमित्र
Advance
8 कोलकाता, सोमवार, 23 नवम्बर 2026





● R.N.I. NO. 2508/57 ● Regd. No. KOL RMS/291/2019-2021

अभिजीत दिपके की सीजेपी ने खोला कॉकरोच क्लब

आशुतोष बोले–पूरा एपिसोड जल्द

पुणे, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। नीट पेपर लीक के मुद्दे पर देश में पहले प्रोटेस्ट की अगुवाई करके एक प्रेशर ग्रुप के तौर पर उभरी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने महाराष्ट्र के पुणे में कॉकरोच क्लब खोला है। कॉकरोच जनता पार्टी के सह संयोजक और अभिजीत दिपके के करीबी आशुतोष रांका ने इंस्टाग्राम पर लिखाा है कि कॉकरोच क्लब की शुरुआत हो चुकी है। जल्द ही पूरा एपीसोड सामने आएगा। कॉकरोच पार्टी द्वारा पुणे में कॉकरोच क्लब कोई नाइटक्लब या रेस्टोरेंट नहीं है, बल्कि कॉमेडी, व्यंग्य और बौद्धिक चर्चाओं का एक मंच है। इस पहल को लिगेसी ऑफ बापू थीम के तहत लॉन्च किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य महात्मा गांधी के विचारों, दर्शन और सामाजिक–राजनीतिक मुद्दों को पारंपरिक विरोध



प्रदर्शनों से अलग हटकर, मनोरंजन और संवाद के माध्यम से आज की – तक पहुंचाना है। कॉकरोच क्लब का पहला आधिकारिक कार्यक्रम 21 नवंबर 2026 को पुणे में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और स्टैंड–अप कॉमेडियन मराठी कपिल सहित कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी। सीजेपी की योजना इसे देश के अन्य शहरों में भी ले जाने की है। आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है, लेकिन इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आधिकारिक पास अनिवार्य होता है।

दिपके नहीं पहुंचे : पुणे में हुए इस उद्घाटन कार्यक्रम में पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरव दास सहित कई सदस्य मौजूद थे, हालांकि पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके इस इवेंट में दिखाई नहीं दिए।

प्रधानमंत्री की अपील का व्यापक असर

गोल्ड इम्पोर्ट में 40 फीसदी गिरावट

दैनिक विश्वमित्र विशेष

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। प्रधानमंत्री की एक अपील को जनभागीदारी के राष्ट्रीय अभियान में बदलना उनके नेतृत्व और देशवासियों के विश्वास का प्रमाण है, यह कहते हुए कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री सुभाष अग्रवाला ने कहा कि कुछ महीने पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से एक वर्ष तक आवश्यकता न होने पर सोना न खरीदने की अपील का सकारात्मक प्रभाव अब देश के आर्थिक आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से अक्टूबर 2026 के दौरान भारत का सोने का आयात 24.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 41.24 अरब अमेरिकी डॉलर था।



Subhash Agrawala & Praveen Khandelwal



प्रधानमंत्री ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में इस बात का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उन्होंने देशवासियों से कम सोना खरीदने का आग्रह किया तो लोगों ने उनकी बात मानी। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंकज अरोड़ा एवं कैट के नेशनल जेनरल सेक्रेटरी तथा सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि इस प्रकार सोने के आयात के मूल्य में लगभग 39.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। दोनों अवधियों के बीच आयात बिल में 16.46 अरब अमेरिकी डॉलर की कमी आई है। अक्टूबर 2026 में सोने का आयात घटकर 5.51 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 14.72 अरब अमेरिकी डॉलर था। यानी अक्टूबर में सालाना आधार पर लगभग 62.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।वित्त वर्ष 2025–26 में भारत ने लगभग 71.98 अरब अमेरिकी डॉलर का सोना आयात किया था, जबकि वित्त वर्ष 2024–25 में यह आंकड़ा 58.01 अरब अमेरिकी डॉलर था।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि एक अनुमान के अनुसार वर्तमान वित्त वर्ष 2026–27 में सोने का कुल आयात घटकर लगभग 35 से 40 अरब अमेरिकी डॉलर रह सकता है, जो पिछले वित्त वर्ष के लगभग 72 अरब डॉलर के मुकाबले एक बड़ी कमी होगी।

एआईजेजीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंकज अरोड़ा ने कहा कि भारत में सोना केवल आभूषण या निवेश का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं, विवाह समारोहों, पारिवारिक बचत और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इसके बावजूद देशवासियों ने यह समझा कि सोने का बड़ा हिस्सा आयात करना पड़ता है और इसके लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा खर्च होती है। ऐसे समय में जब देश को विदेशी मुद्रा भंडार और व्यापार घाटे के प्रबंधन की आवश्यकता है, प्रधानमंत्री की अपील के अनुरूप खरीदारी में संयम दिखाना राष्ट्रहित में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

श्री सुभाष अग्रवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे देश की आर्थिक चुनौतियों को केवल सरकारी नीतियों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण का सहभागी बनाते हैं। जिस प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के एक आह्वान पर देशवासियों ने एक समय भोजन छोड़कर देश का साथ दिया था, उसी भावना का परिचय आज देशवासियों ने प्रधानमंत्री मोदी के आग्रह पर दिया है।

श्री अग्रवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का समय समय पर आह्वान नागरिकों में राष्ट्र प्रथम की भावना, आत्मनिर्भरता और जिम्मेदार उपभोग की संस्कृति भी विकसित कर रहा है।

22 हजार लोग साइबर फ्रॉड के शिकार

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। 22 गिरफ्तारियां, 22,139 पीड़ित, 2,080 जुड़ी हुई शिकायतें और 20 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का शक। ये आंकड़े दिल्ली पुलिस के पांच दिनों तक चले उस अभियान से सामने आए हैं, जिसका निशाना झारखंड के जामताड़ा और आसपास के राज्यों से चल रहे साइबर धोखाधड़ी गिरोह थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में वे लोग भी शामिल हैं, जिन पर नुकसानदेह एंड्रॉइड पैकेज किट फाइलें बनाने और बांटने का आरोप है। इन फाइलों का इस्तेमाल लोगों के मोबाइल फोन और बैंकिंग जानकारी तक पहुंच बनाने, और उनके खातों से पैसे निकालने के लिए किया जाता था। 11 से 15 नवंबर के बीच चलाए गए इस ऑपरेशन में पुलिस की सात टीमों के 64 जवान शामिल थे। इन टीमों ने झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में 17 जगहों पर छापेमारी की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी 11 साइबर फ्रॉड समूहों और एक पैनल डेवलपमेंट नेटवर्क से जुड़े थे। पुलिस के मुताबिक 22,139 लोगों के साथ 20 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज 2,080 शिकायतें सीधे तौर पर गिरफ्तार किए गए लोगों से जुड़ी हैं। (पश्चिम) हरेश्वर स्वामी ने बताया कि जांचकर्ताओं ने –आधारित धोखाधड़ी से जुड़ी 1,300 से अधिक शिकायतों की जांच की, 32 हानिकारक एप्लिकेशन का फॉरेंसिक विश्लेषण किया और इस धोखाधड़ी के तरीके से जुड़ी 56 सोशल मीडिया प्रोफाइल की पड़ताल की। इस ऑपरेशन के दौरान 63 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, दो मैकबुक और एक टैबलेट भी बरामद किए गए हैं।

हैना मॉन्टेना ने की दूसरी शादी!

लंदन, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। हॉलीवुड सिंगर और हैना मॉन्टेना का रोल करने वाली एक्ट्रेस माइली साइरस शादी के बंधन में बंध गई हैं। उनकी और मैक्स मोरंडो की शादी की खबरें जोरों पर हैं और दोनों की फोटो भी सामने आई है। माइली लंबे समय से मैक्स को डेट कर रही हैं। सिंगर और हॉलीवुड स्टार माइली साइरस शादी के बंधन में बंध गई हैं! माइली ने शनिवार, 21 नवंबर को कैलिफोर्निया के पाम स्प्रिंग्स में एक प्राइवेट जगह पर संगीतकार मैक्स मोरंडो से शादी की। एंटरटेनमेंट टुनाइट ने सबसे पहले इस खबर की जानकारी दी। सिंगर ने अभी तक अपने इस खास दिन के बारे में सोशल मीडिया पर कोई आधिकारिक पोस्ट नहीं किया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि माइली की मां, टिश साइरस और बहन, नोआ साइरस इस शादी में मौजूद थीं। ड्यूक्समोई ने इस निजी समारोह की कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनसे माइली की शादी की ड्रेस की एक झलक देखने को मिली। एक खूबसूरत सफेद गाउन पहने माइली ने जब आई डू (शादी के लिए अपनी सहमति) कहा, तो उनकी आंखों से आंसू छलक आए।



13500 किमी की दूरी तय कर भारत पहुंचा पूर्व अमेरिकी सैनिक

नई दिल्ली, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। एक पूर्व अमेरिकी सैनिक सात समंदर पार कर अमेरिका से सीधे भारत 13500 किलोमीटर दूर पहुंचा। यहां वो दिल्ली में स्थित अमेरिकी दूतावास गया और फिर वहां पहले से मौजूद अमेरिकी नागरिकों और दूतावास के अधिकारियों ने उसके साथ मिलकर जमकर जश्न मनाया। इस खास इवेंट की तस्वीरें खुद अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं। अमेरिका से भारत आने वाले उस पूर्व सैनिक का नाम है जॉन वेन वाल्डिंग। रिटायरमेंट के बाद जॉन कोई आम जिंदगी नहीं बिता रहे, बल्कि वह तो मोटिवेशनल स्पीकर बन गए हैं। जान वाल्डिंग के किस्से आपको आगे बताते हैं, लेकिन उसके पहले ये भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने क्या कहा ये जानते हैं। नई दिल्ली में यूएस मरीन कोर्स के 251वें जन्मदिन का जश्न मनाते हुए एक शानदार शाम गुजरी! साहस, बलिदान और सेवा की विरासत को याद करते हुए अपने मरीन और दोस्तों के साथ शामिल होना सम्मान की बात थी।

अमृतानंदमयी देवी 'अम्मा' का कोलकाता दौरा

- **5 और 6 दिसंबर को आध्यात्मिक कार्यक्रम**
- **सुशील पोद्दार आयोजन समिति के अध्यक्ष**

कोलकाता, 22 नवम्बर (नि.प्र.)। दुनिया भर में अम्मा के नाम से पूजनीय माता अमृतानंदमयी देवी 5 और 6 दिसंबर, 2026 को कोलकाता आएंगी। उनके आगमन को लेकर कोलकाता स्थित माता अमृतानंदमयी मठ में तैयारियां चल रही हैं। शहर में उनके प्रवास के दौरान, बज बज रोड स्थित आश्रम परिसर में दो दिवसीय सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे भक्तों और आध्यात्मिक साधकों को अम्मा के दर्शन करने और उनका आशीर्वाद पाने का अवसर मिलेगा। इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए, माता अमृतानंदमयी मठ ने सीडब्ल्यूबीटीए के प्रमुख श्री सुशील पोद्दार को आयोजन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

अम्मा की चल रही भारत यात्रा और कोलकाता में उनके आगामी दौरे के बारे में बात करते हुए, सुशील पोद्दार ने बताया कि अम्मा 29 अक्टूबर, 2026 से पूरे भारत की यात्रा कर रही हैं। इस यात्रा के दौरान, वह सड़क मार्ग से देश के विभिन्न शहरों और स्थानों पर जा रही हैं। रास्ते में पड़ने वाले अलग–अलग शहरों में, वह भक्तों और अनुयायियों से मिलती हैं और उन्हें अपने दर्शन व आशीर्वाद देती हैं।



माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा)



स्वामी विजयअमृतानंदपुरी



सुशील पोद्दार

उन्होंने बताया कि अम्मा ने अपना जीवन प्रेम, करुणा, निस्वार्थ सेवा और मानवता के लिए समर्पित कर दिया है। जाति, धर्म और राष्ट्रीयता की सीमाओं से परे, अम्मा प्रेम, समानता और भाईचारे का सार्वभौमिक संदेश देती हैं। उनके मानवीय कार्यों का दायरा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, वंचितों के लिए आवास, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

सुशील पोद्दार ने कहा कि अम्मा के सेवा मिशन से जुड़ना उनके लिए अत्यंत गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को वे पूरी ईमानदारी, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे।

सामाजिक कल्याण और मानवीय पहल

अम्मा से प्रेरित विभिन्न मानवीय पहलों के तहत, बेघर और वंचित परिवारों के लिए 50,000 से अधिक घर बनाए गए हैं। माता अमृतानंदमयी मठ ने पश्चिम बंगाल में भी कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी कार्य किए हैं। इनमें दुर्गापुर में 500 घर और पानीहाटी में 275 फ्लैटों का निर्माण शामिल है। इसके अलावा, डायमंड हार्बर रोड पर स्थित अमगाछिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले पाँच गाँवों को मठ ने विकास कार्यों के लिए गोद लिया है।

1,600 करोड़ कमाने वाली 5वीं भारतीय फिल्म बनी रामायण

मुंबई, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। रणबीर कपूर स्टारर रामायण ने 17वें दिन 27.40 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की दुनियाभर में कुल कमाई 1,616.70 करोड़ रुपए हो गई है। रामायण दुनियाभर में 1,600 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा की कमाई करने वाली 5वीं भारतीय फिल्म भी बन गई है। सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने 17वें दिन विदेशों में 10 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की विदेशों में कुल कमाई 533 करोड़ रुपए हो गई। भारत में फिल्म का नेट कलेक्शन 906.90 करोड़ रुपए पहुंच गया है। इसका इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 1,083.70 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म के 17वें दिन भारत में 15,851 शो हुए। इनमें हिंदी वर्जन ने सबसे ज्यादा 20.25 करोड़ रुपए कमाए। हिंदी के 13,553 शो हुए। मलयालम वर्जन ने 838 शो से 2.75 करोड़ रुपए कमाए। तमिल वर्जन की 601 स्क्रीनिंग से 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ। कन्नड़ वर्जन ने 411 शो से 1.65 करोड़ रुपए कमाए। तेलुगु वर्जन ने 448 शो से 75 लाख रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म ने 17वें दिन हर शो से औसतन 17,286 रुपए कमाए।

सपना चौधरी बोलीं, तलाक का केस फाइल किया

रिश्ता चलना ही नहीं था, दूसरी शादी के सवाल का भी जवाब दिया

सोनीपत, 22 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणवी डांसर और बिग बॉस फेम सपना चौधरी ने पति वीर साहू से तलाक का केस फाइल कर दिया है। लंबे समय से दोनों के रिश्ते में दरार और तलाक की बातें चल रही थीं। एक पॉडकास्ट में सपना ने कहा कि अभी तलाक हुआ नहीं है, लेकिन हो जाएगा। वह यही चाहती हैं। वह इस रिश्ते को चलाना चाहती थीं, लेकिन शायद यह उनकी अपनी जिद थी। हकीकत में यह रिश्ता चलना ही नहीं था। पॉडकास्ट में सपना ने दूसरी शादी और सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर भी बात की। बता दें कि सपना चौधरी की शादी 24 जनवरी 2020 को हिसार जिले के मदनहेड़ी गांव निवासी हरियाणवी सिंगर वीर साहू के साथ हुई थी। सपना दो बेटों की मां हैं।

खुद के करियर पर ध्यान नहीं दे पाई: सपना ने कहा कि एक समय वह पत्नी, मां, किसी की काकी (चाची) और किसी की भाभी बनकर रह गई थीं। इस दौरान वह खुद के करियर पर ध्यान नहीं दे पाईं। साल 2020 में उन्हें अपनी ग्रूमिंग और आत्म–विकास पर काम करना चाहिए था, लेकिन वह रिश्तों और जिम्मेदारियों में उलझकर रह गईं। दूसरों को रिश्ते पर टिप्पणी का हक नहीं: सपना ने कहा कि तलाक लेने वाले या तलाकशुदा लोगों को निशाना बनाना गलत है।



हँसी के हँसगुल्ले

पोता: दादी आपने कौन–कौन से देश घूमे हैं?

दादी: अपना पूरा हिंदुस्तान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, उजबेकिस्तान.

पोता: दादी अब कहां घूमोगी?

पीछे से छोटा पोता बोला कब्रिस्तान।

***

ये वो दौर है जनाब जहां इंसान गिर जाये तो हँसी निकल जाती है,

और मोबाईल गिर जाये तो जान निकल जाती है।

जनता दरबार

मानवता



आर डी बाजपेई

सबका मान सबका सम्मान
मानवता का यही है ज्ञान...



मानव हो तो मानवता भी हो
मानवता को कभी न छोड़ो
बने रहो सदा अच्छे इंसान
अच्छा काम बड़ों की सेवा
करते रहो तो मिलेगी मेवा
आप में हो जो सेवा भाव
नहीं होगा कुछ भी अभाव
माता पिता का मानो कहना
इज़्ज़त करते सदा ही रहना
मिलेगा इतना आर्शीवाद
हो जाओगे तुम आबाद....
अच्छा ज्ञान रखना स्वाभिमान
नहीं करना कभी अभिमान....
मानव धर्म के बनों तुम पालक
बन जाओ अच्छे संचालक....
मानव का जो मिला है जीवन
व्यर्थ न करना अब ये जीवन....
ईश्वर भी फिर देगा साथ..

शख्श महान

कहाँ गये वो शख्श महान.
जो थे मेरे घर की शान.
आते बहुत हमें वो याद
करते हैं प्रभु से फरियाद
रहें कहीं भी वो सब आज
देते रहें वो आशीर्वाद
माता पिता व सभी पूर्वज
दादा दादी नाना नानी
बसे हुए सभी दिलों में
करते रहते उनको याद..
बस प्रार्थना यही कामना
मिलता रहे हमें जीवन भर
उनका हमको आशीर्वाद
सभी हमारे जो थे प्रियजन
नहीं साथ जो मेरे आज
हम हैं उनका तर्पण करते
श्रद्धा सुमन हैं अर्पण करते
नही साथ जो मेरे आज.
चले गये वो वो शख्स महान..
जो थे परिवार की शान.
किया हमारा पालन पोषण
बने आज हम भी इंसान
चलें उन्हीं के पद चिन्हों पर.
इतनी शक्ति देना हमको
बनें हम भी आगे चलकर
आपके परिवार की शान
श्री हरि श्री विष्णुजी के
श्री चरणों में
गया धाम में करते वास.
जो थे मेरे घर की शान
चले गये वो शख्स महान.

ऐतिहासिक नगर कोलकाता



चंपालाल बैद

कलकता ऐतिहासिक नगर कलकता भारत की राजधानी हुआ करती थी, इस शहर की पहचान एक ऐतिहासिक शहर ऑर व्यापारिक राजधानी के रूप मैं थी, यहाँ सबसे बड़ा व्यापारिक एरिया डलहौज़ी और बड़ाबाज़ार हुआ करता था, आज भी डलहौज़ी से लेकर पार्क स्ट्रीट तक ऐतिहासिक कहानी का जीता जागता उदाहरण है। (1) गार्स्टीन प्लेस वहाँ पर ऑल इंडिया रेडियो स्टेशन हुआ करता था , पर वहाँ पर आज एक ऑफिस बिल्डिंग बन गई है। बाद मैं ऑल इंडिया रेडियो 1957 मैं अपनी नई बिल्डिंग मैं शिफ्ट हो गया था जो इडेन गार्डन के समीप है । (2) 5– गार्स्टीन प्लेस से आप कलकता के संस्थापक जॉब चार्नक की टॉम्ब देख सकते हैं । (3) श्री भास्कर मित्र पहले भातीय थे जिन्होंने ब्रिटिश कंपनी एन्ड्रूयूल के प्रबंधक निर्देशक बने और आज भी एंड्रूयूल कंपनी का ऑफिस 8 क्लाइव रो पर है जो एक ऐतिहासिक इमारत है। (4) ऑक्सफ़ोर्ड स्ट्रीट (ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट)ग्रेट ईस्टर्न होटल के नजदीक थी वहाँ पर फेमस शॉपिंग स्टोर हुआ करता था हैमिल्टन के नाम से प्रसिद्ध था। आज वहाँ पर टूटी फूटीं बिल्डिंग है जो बाद मैं भारत चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने ख़रीदली थी। (5) 1950 से ग्रेट ईस्टर्न होटल प्रीमियम होटल हुआ करती थी न कि ग्रैंड होटल। (6) यूरोपियन स्टाइल कोलकाता की मशहूर नाईट क्लब थी जो स्पेंसर के नाम से जानी जाती थी– (7) धनाढ्य लोगो के लिए नाईट क्लब जो गोल्डेन स्लिपर के नाम से प्रसिद्ध थी jews, Armenian, bhadra lok जो वेस्टर्न कल्चर मैं विश्वास करते थे वहाँ पर अपनी के साथ समय बिताते थे ।ये क्लब रात से लेकर सुबह 6 बजे तक खुली रहती थी । (8) श्री मदन मोहन सील हांगकांग बैंक के कर्मचारी थे 1952 मैं 20 साल की उम्र मैं ज्वाइन किया था और धोती शर्ट की ड्रेस मैं अपने घर खिदरपुर से डलहौज़ी तक पैदल चल कर हांगकांग हाउस काम करने रोज आते थे। (9)मारवाड़ी सेठ और व्यापारी कलकता मैं बड़ा बाजार से गद्दी मैं बैठकर व्यापार करते थे, वही उनका घर और वहीं से व्यापार करते थे। (10) डलहौज़ी एक सुन्दर गार्डन की तरह था और गंगा से पानी गार्डन के फ़वारों मैं साफ़ सुथरा बहता रहता था । (11) कैरोट मोरेंन बिल्डिंग जो 170 साल पुरानी है आज भी आप मुखर्जी रोड पर देख सकते हैं , यह बिल्डिंग टी ऑक्शनर हाउस करता था। डलहौज़ी स्कायर आज एक हेरिटेज स्कायर के रूप मैं प्रसिद्ध है,आज भी डलहौज़ी स्कायर अतीत की यादगार ताजा कर देती है,जैसे गिलेंडर हाउस,डंकन हाउस, बंगाल रॉयल बिल्डिंग, स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक बिल्डिंग, हांगकांग हाउस, राज भवन, ट्रेजरर बिल्डिंग, टाउन हॉल,वालस हाउस, राइटर्स बिल्डिंग, स्टॉक एक्सचेंज, मार्टिन बर्न बिल्डिंग इलाको हाउस, जेम्स फिनले ,रेलवे हाउस, जुट हाउस, बाजोरिया हाउस, रॉयल बिल्डिंग, टोबैको हाउस इत्यादि। कलकता की शान बान फिर लोट कर आएगी ऐसा विश्वास है।